# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

FACULTY OF ARTS & HUMANITIES

The World Sees a Student.

WE SEE

A JOURNALIST
A FILMMAKER
A POLICY MAKER
A SOCIAL WORKER
etc.



nirf RANKING 2025
NAAC ACCREDITED
400+ Recruitment Partners
600+ International Students
130+ Programs

PROGRAMS

- BA & MA
- BA & MA in Journalism & Mass Communication
- BSW & MSW
- BA in Liberal Arts
- MA in Filmmaking

in collaboration with NIIRA EDUCOM

WITH FREE PSC COACHING

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

#Rajesh9926308899

YOUR CAREER OPTIONS:

- **Government & Civil Services** PSC, IAS, IPS, State Services, Public Administration
- **Media & Journalism** News Reporter, Content Strategist, Editor, Filmmaker, Digital Media, Public Relations
- **Social Work & NGOs** Community Development, Child Protection, Mental Health, Social Policy
- **Academia & Research** Teaching, Research, Public Policy Analyst, Historian, Political Analyst
- **Psychology & Counselling** Clinical Psychology, Organisational Psychology, Rehabilitation, Mental Health
- **Filmmaking & Entertainment** Director, Producer, Screenwriter, Cinematographer, Editor, Content Creator

Highest Package INR 33 LPA

WHY ARTS & HUMANITIES?
Employers across every sector actively seek these skills.

WHAT SKILLS?
- Critical Thinking
- Communication & Storytelling
- Psychology & Human Understanding
- Cultural & Global Awareness

LEARN WITHOUT LIMITS
- 90,000+ Books & 1.5 Lakh+ E-Resources
- • Scopus • DELNET • NPTEL Access
- 7200+ Research Publications
- Global Conferences & Fieldwork

Our Top Arts & Humanities Recruiting Partners
BAJAJ | Allianz · SCALER · ADITYA BIRLA GROUP · upGrad · Infosys BPM · PLANETSPARK

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan The QR CODE To Register for our Entrance Examination KALSEE

# अयोध्या में 100 करोड़ से बनेगा संग्रहालय, दिखेगी राम-वनगमन की कहानी

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय विशेष बैठक के दौरान 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले नए संग्रहालय की गैलरी स्क्रिप्ट और श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं के विस्तृत खाके को अंतिम रूप दिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने मंदिर निर्माण पर अब तक लगभग 1600 से 1800 करोड़ रुपये खर्च होने की आधिकारिक जानकारी साझा की। उन्होंने श्रद्धालुओं की संख्या घटने के दावों को अफवाह बताते हुए कहा कि भक्तों के मन में व्यवस्था या आरती को लेकर कोई शिकायत नहीं है। नृपेंद्र मिश्रा ने 6 जुलाई को हुई बैठक के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि छह जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में वह शामिल नहीं थे, लेकिन आगामी बैठक में निर्माण संबंधी विषय होने पर वो बैठक में अवश्य आएंगे।

### सीईओ पूरी तरह ट्रस्ट के अंतर्गत ही काम करेंगे

मंदिर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर बोलते हुए निर्माण समिति के अध्यक्ष ने साफ किया कि जो भी सीईओ नियुक्त होंगे, वो पूरी तरह ट्रस्ट के अंतर्गत ही काम करेंगे। ये ट्रस्ट को ही तय करना होगा कि व्यवस्थाओं को कैसे चलाना है, क्योंकि सब कुछ ट्रस्ट के ही अधीन है। ट्रस्ट जैसा डेलीगेशन सीईओ को सौंपेगा, उसी के अनुसार सीईओ मंदिर में आगे का स्टाफ नियुक्त करेंगे और व्यवस्थाएं बनाएंगे।

## राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में लिया गया अहम निर्णय

### टिकट लगेगा या नहीं फैसला ट्रस्ट करेगा

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय में एंट्री के लिए कोई टिकट लगेगा या नहीं, इसका अंतिम फैसला अभी राम मंदिर ट्रस्ट को ही करना है। अयोध्या में रविवार और शनिवार को हुई निर्माण समिति की बैठक में मुख्य रूप से संग्रहालय की गैलरी की स्क्रिप्ट फाइनल की जा रही है।





**राम के वनगमन से संबंधित सामग्री रहेगी गैलरी में :** इस संग्रहालय की एक विशेष गैलरी में भगवान राम और उनका नदियों से क्या रिश्ता रहा व वे कैसे जुड़े, ये पूरी तरह दिखाया जाएगा। इसके साथ ही एक अन्य गैलरी में भगवान राम की किससे कहां भेंट हुई और उनका क्या लक्ष्य था, इस पर विस्तार से काम किया जाएगा। संग्रहालय की एक सीधी बड़ी दीवार पर भगवान राम के वन गमन की पूरी कहानी चित्रों और माध्यमों से प्रदर्शित की जाएगी। जिसका कुल खर्च लगभग 100 करोड़ रुपये के अंदर होगा।

### ये है राममंदिर ट्रस्ट का उद्देश्य

गौरतलब है कि ट्रस्ट की मंशा है कि मंदिर संग्रहालय के जरिए सनातन संस्कृति देश के विभिन्न मठ-मंदिर के बारे में आगामी युवा पीढ़ी जान सके। किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उसके निर्माण के पीछे दर्शन क्या रहा। इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। जिसमें प्राचीन भारत की तकनीक के साथ थी पूजा पद्धति और उसके महत्व को भी सामने लाया जाएगा।

### 'श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं'

अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने श्रद्धालुओं की संख्या घटने की बात को अफवाह बताते हुए कहा कि वो खुद भक्तों से लगातार बात करते रहते हैं और उनके मन में राम के प्रति आस्था, अर्चना या आरती को लेकर एक भी शिकायत नहीं है। मंदिर निर्माण में कुल 1,600 से 1,800 करोड़ रुपये का खर्च आ चुका है।

## खबर संक्षेप

### सोनभद्र में गहरी खाई से पति-पत्नी के शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर स्थित मारकुंडी घाटी की गहरी खाई से रविवार को एक दंपति के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए। शवों की पहचान बिच्छी इलाके के रहने वाले राहुल यादव (26) और उसकी पत्नी चंदा (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मौके पर एक मोटरसाइकिल भी पाई गई है। पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि दंपति की मोटरसाइकिल बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई होगी, जिससे दोनों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

### बड़ौत में निकाह से पहले हलफनामा देना अनिवार्य



**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बड़ौत में अब दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लिए निकाह से पहले स्टाम्प पेपर पर वकील से तैयार कराया गया हलफनामा पेश करना अनिवार्य होगा। यह फैसला जमीअत उलमा-ए-हिंद और खिदमत सोसायटी की जामा मस्जिद में हुई बैठक में लिया गया। दीनी तालीमी बोर्ड, जमीअत उलमा-ए-हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना आरिफ-उल-हक ने बताया कि हलफनामे में घोषित करना होगा कि दूल्हा और दुल्हन दोनों बालिग हैं, उनकी वैवाहिक स्थिति, उम्र और अन्य जरूरी जानकारियां सही हैं तथा निकाह से जुड़ा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

### एनीकट में डूबने से तीन भाई बहन समेत चार की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में एनीकट में कथित तौर पर डूबने से तीन भाई-बहन समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा धंबोला थाना क्षेत्र के बड़ी गांव में हुआ, जहां एक ही परिवार के छह युवक-युवतियां स्कूल मैदान के पास स्थित एनीकट में नहाने गए थे। पुलिस के मुताबिक, एनीकट में नहाने के दौरान वे लोग कथित तौर पर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने राजवीर और जयसिंह को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

**दतिया उपचुनाव :** हिंसक प्रदर्शन पर पुलिस का एक्शन, 27 नामजद सहित 200 पर एफआईआर

# नरोत्तम ने की भाजपाध्यक्ष नितिन से मुलाकात, बोले- भाजपा की होगी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/भोपाल

मध्य प्रदेश की सियासत में दतिया विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद उपजे घटनाक्रम ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने दिल्ली पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ दतिया सीट पर जीत सुनिश्चित करने और कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने को लेकर गहन मंथन किया।

मुलाकात के बाद नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह अब स्पष्ट हो चुका है कि किसी भी व्यक्ति का कद पार्टी से बड़ा नहीं होता। टिकट न मिलना इस बात का जवाब है कि कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है। पार्टी का स्थान बहुत ऊंचा है और वह दूरगामी दृष्टि रखती है। पार्टी के इस निर्णय को पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार करना और संगठन के लिए काम करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। मैं एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा। मैं आशुतोष तिवारी के नामांकन दाखिल करने के समारोह में उपस्थित रहूंगा।

### मैं भाजपा में ही जन्मा और भाजपा में ही मरूँगा : नरोत्तम

दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने अपने भविष्य को लेकर लग रही अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मेरा जन्म भाजपा में हुआ है और मैं भाजपा में ही रहूँगा। यहाँ-वहाँ जाने की कोई बात ही नहीं है। टिकट कटने से उपजी नाराजगी के सवालों पर उन्होंने कहा कि कभी-कभी कार्यकर्ताओं में क्षणिक आवेश आ जाता है, जो अब शांत हो चुका है। उन्होंने पार्टी को खुद से बड़ा बताते हुए अनुशासन का संकेत दिया है।

## आशुतोष के नामांकन दाखिले के वक्त समर्थकों सहित रहूंगा उपस्थित



### दतिया फतह पर आलाकमान का फोकस

बताया जा रहा है कि, नरोत्तम मिश्रा ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष दतिया सीट को लेकर अपनी बात रखी और टिकट वितरण के बाद कार्यकर्ताओं में उपजे रोष के बारे में जानकारी दी। बैठक में पार्टी का पूरा फोकस दतिया में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने पर रहा। भाजपा नेतृत्व ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव में पूरी सक्रियता से जुटें, नाराज समर्थकों को मनाएं और इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ताओं को वापस पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ें।

### दतिया में बवाल, घंटों राजमार्ग रहा जाम

बता दें कि दतिया सीट पर उपचुनाव हैं, और यहां से भाजपा के दिग्गज नेता और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। पर इस बार भाजपा ने उनका टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को मैदान में उतारा है। उनका नाम सामने आते ही नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। शुक्रवार शाम से हजारों समर्थकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर चक्का जाम कर दिया, जिससे करीब 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और आसपास के जिलों का यातायात प्रभावित हुआ था।

### हिंसक प्रदर्शन पर मामले दर्ज

नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के बाद मध्य प्रदेश के दतिया में हुए हिंसक प्रदर्शन पर पुलिस ने ऐक्शन लिया है। 27 नामजद समेत 200 लोगों पर एफआईआर की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का आरोप है कि उपद्रवियों के पथराव से जहां कई पुलिस कर्मी घायल हुए वहीं पुलिस वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई।

### कांग्रेस ने कसा तंज

कांग्रेस ने नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को अपनी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नरोत्तम मिश्रा को दिल्ली के बजाय अब डबरा (दतिया) की ओर रुख करना चाहिए, क्योंकि दतिया की जनता ने उन्हें पहले ही नकार दिया है।

# संसद सत्र 20 से, सरकार ने 19 को बुलाई सर्वदलीय बैठक



**इन मुद्दों पर मीटिंग में हो सकती है चर्चा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। इससे पहले ठीक एक दिन पहले सरकार 19 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे सर्वदलीय बैठक करने जा रही है।

बैठक में इस सत्र के दौरान होने वाली महत्वपूर्ण चर्चा की योजना को लेकर बातचीत की जा सकती है। सर्वदलीय बैठक में सरकार विपक्ष को यह भी बताएगी कि इस सत्र में कौन से बिल पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, सरकार मानसून सत्र को सुचारु रूप से संचालित करना चाहती है। इसलिए वह अलग-अलग सियासी दलों के नेताओं के साथ एजेंडे को लेकर चर्चा करना चाहती है।

### विधेयकों की दी जाएगी जानकारी

सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी प्रमुख सियासी दलों के नेताओं के साथ-साथ उनके प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस बैठक में ही विपक्ष के नेताओं को इस सत्र में आने जा रहे प्रमुख विधेयकों की जानकारी दी जाएगी। मीटिंग में विपक्षी दल भी अपने मुद्दे सरकार के सामने रख सकते हैं।

### 'इंडिया' गठबंधन राममंदिर और नीट पेपर लीक के मुद्दे उठाएगा

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह ने रविवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन संसद के मानसून सत्र में राम मंदिर चढ़ावा मामले और नीट पेपर लीक जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेगा। साथ ही, वे विपक्षी दलों में विभाजन करके दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की भाजपा की कथित कोशिशों का भी विरोध करेंगे। रविवार को दिए एक साक्षात्कार में बिहार के बक्सर से सांसद सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी संख्या बल हासिल करने की कोशिश में विपक्षी दलों को कमजोर करने की राजनीतिक रणनीति अपना रही है। सिंह ने कहा, ''भाजपा देश भर में विपक्षी दलों में विभाजन करके दो-तिहाई बहुमत हासिल करना चाहती है। 'इंडिया' गठबंधन एकजुट होकर इसका विरोध करेगा। हम हर अहम मुद्दे को उठाएंगे जिसमें राम मंदिर चढ़ावा चोरी और पेपर लीक से लेकर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण तक शामिल है। विपक्षी सांसदों के हालिया पाला बदलने और आगे भी ऐसा होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि यह चिंता पूरे 'इंडिया' गठबंधन की है।

**बंगाल: एनएससीबीआई रनवे के विस्तार का रास्ता साफ**

# कोलकाता एयरपोर्ट से बांकरा मस्जिद हटाने का काम शुरू

एजेंसी ⏭ कोलकाता

कई वर्षों की बातचीत के बाद, रनवे का विस्तार करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल (एनएससीबीआई) एयरपोर्ट इलाके से बांकरा मस्जिद को दूसरी जगह ले जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शनिवार से एयरपोर्ट के रास्ते मस्जिद में जाने के लिए एंट्री पास बंद कर दिए गए हैं। मस्जिद के अंदर नमाज भी रोक दी गई है। दमदम उत्तर के विधायक सौरव सिकदर शनिवार सुबह इलाके में मौजूद थे,और उन्होंने इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों से बात की। बाद में, विधायक ने कहा कि नमाज पढ़ने आने वाले ज्यादातर लोग इस कदम से सहमत हैं। बता दें कि दम-दम एयरपोर्ट पर दो रनवे हैं; मुख्य (बड़ा) रनवे टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि दूसरा रनवे छोटा है। मस्जिद उस रनवे से थोड़ी दूरी पर स्थित है।



### मस्जिद कमेटी भी फैसले से खुश

मस्जिद कमेटी ने पहले कहा था कि वे नहीं चाहते कि उनकी वजह से एयरपोर्ट को कोई नुकसान हो या सुरक्षा में कोई बाधा आए, और एयरपोर्ट अधिकारियों ने एयरपोर्ट के बाहर एक बड़ी मस्जिद बनाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे अभी जगह बदलने के बारे में कोई अंतिम फैसला लेने की स्थिति में नहीं हैं। बाद में, इस मामले में एक फैसला लिया गया और सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया।

### क्यों बदली जा रही मस्जिद की जगह?

136 साल पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद को 'बांकरा मस्जिद' के नाम से जाना जाता है। यह मस्जिद एयरपोर्ट के अंदर ही स्थित है। लंबे समय से मस्जिद को दूसरी जगह ले जाने की बात चल रही है। जानकारों का कहना है कि अगर मरम्मत के लिए पहला रनवे कुछ समय के लिए बंद किया जाता है तो बड़े विमानों के टेक-ऑफ और लैंडिंग में दिक्कतें आएंगी। आखिरकार शनिवार से मस्जिद हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## चाक चौबंद सुरक्षा...




**जम्मू।** अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जम्मू प्रशासन व सेना के जवान सतर्क हैं और हर आने जाने वाले वाहनों व लोगों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### महिला का पैर कटने पर अभिषेक बनर्जी पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कुछ महीने पहले शुरू की गई स्वास्थ्य देखभाल पहल 'सेवाश्रय' शिविर में घुटने के दर्द के इलाज के बाद एक महिला के अपना पैर गंवाने को लेकर दायर शिकायत पर तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने 2 जनवरी को इस शिविर की शुरुआत की थी। महिला ने कुछ दिन पहले पुलिस में शिकायत की थी कि उसके इलाके में आयोजित एक 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकीय लापरवाही के कारण उसे अपना एक पैर गंवाना पड़ा। दूसरे शिविर के चिकित्सकों ने इलाज के लिए मोटी रकम मांगी और जब उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया।



# सबरीमाला मंदिर में सोना गायब तिरुमाला में करोड़ों की हेराफेरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केरल के सबरीमाला और आंध्र प्रदेश के तिरुमाला जैसे बड़े मंदिरों में दान के गलत इस्तेमाल को लेकर जांच चल रही है। इन मंदिरों में हर साल करोड़ों रुपये का चढ़ावा आता है, लेकिन मंदिर की संपत्ति का हिसाब-किताब रखने और उसे सुरक्षित रखने में बड़ी लापरवाही बरती गई है। इन गड़बड़ियों के सामने आने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। इसी के चलते केरल सरकार ने सबरीमाला मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम बनाई है, वहीं तिरुमाला मामले को सीआईडी को सौंप दिया गया है।

- मंदिरों की जांच एसआईटी-सीआईडी को सौंपी

**सबरीमला में 4.5 किलोग्राम सोना गायब :** सबरीमाला में 2025 में हुई एक जांच के दौरान 2019 में हुए मरम्मत के काम से जुड़े घोटाले का खुलासा हुआ। इस जांच में पता चला कि 4.5 किलोग्राम सोना गायब है। इसके अलावा, 2025 के ऑडिट में भी रिकॉर्ड्स में भारी गड़बड़ियां मिलीं। 7 अधिकारियों और ठेकेदारों पर फर्जीवाड़े का आरोप लगा है।

**तिरुमाला में कर्मचारी ने उड़ाए 40 करोड़**

उधर, तिरुमाला मंदिर में भी एक कर्मचारी ने दान के पैसों का गलत इस्तेमाल किया। उसने चुराए हुए पैसों को रियल एस्टेट में लगा दिया। जब यह मामला सामने आया, तो उस कर्मचारी ने 40 करोड़ रुपये की संपत्ति मंदिर को वापस भी कर दी। इसी जांच के बीच एक मुखबिर की संदिग्ध मौत भी हो गई, जिससे यह मामला और ज्यादा गंभीर हो गया है।

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला बदलते हुए की टिप्पणी**

# दहेज प्रताड़ना से हर आत्महत्या में उम्रकैद जरूरी नहीं, घटाई पति की सजा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना से जुड़ी पत्नी और उसकी नाबालिग बेटी की मौत के केस में निचली अदालत द्वारा दोषी पति की आजीवन कारावास की सजा घटाकर 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदल दी।

अदालत ने कहा कि दहेज प्रताड़ना के कारण आत्महत्या के मामले न तो बहुत दुर्लभ हैं और न ही हर मामले में आजीवन कारावास देना आवश्यक है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि दहेज मृत्यु के हर केस में आजीवन कारावास अनिवार्य नहीं है। यह सजा केवल दुर्लभ मामलों में ही दी जानी चाहिए।

**दोषी पति सजल पारुई को 10 वर्ष कठोर कारावास**

**यह सजा केवल दुर्लभ मामलों में ही दी जानी चाहिए**

**निचली अदालत के फैसले को भी हाईकोर्ट ने पलटा**

### सास-ससुर को किया बरी

इसी आधार पर अदालत ने दोषी सजल पारुई की सजा आजीवन कारावास से घटाकर 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदल दी, जबकि जुर्माने की सजा बरकरार रखी। हाई कोर्ट ने सजल पारुई के माता-पिता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। निचली अदालत ने दोनों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।





### पति की दोषसिद्धि बरकरार

अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304बी के तहत सजल पारुई की दोषसिद्धि को भी बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पति द्वारा पत्नी पर पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा लाने का दबाव बनाना भी दहेज की मांग की श्रेणी में आता है। अदालत ने इस दलील को स्वीकार किया कि लगातार आर्थिक दबाव और प्रताड़ना के कारण महिला ने अपनी बेटी की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।

### दहेज आज भी गंभीर सामाजिक अपराध

कोर्ट ने यह भी कहा कि दहेज निषेध अधिनियम, 1961 लागू होने के बावजूद दहेज प्रताड़ना और दहेज मृत्यु आज भी गंभीर सामाजिक अपराध बने हुए हैं। धारा 304बी ऐसे मामलों में यह कानूनी धारणा स्थापित करती है कि यदि विवाह के सात वर्ष के भीतर किसी महिला की अस्वाभाविक मृत्यु होती है और उससे पहले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया हो, तो पति या उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज मृत्यु का मामला बनता है।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सट्टा किंग सौरभ की गिरफ्तारी पर सस्पेंस

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी कहा- हमारे पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं

# हरिभूमि ने पूछा तो ओमान बोला- भारतीय दूतावास से पूछिए, दूतावास ने कहा- पासपोर्ट भेजिए


ब्रह्मवीर सिंह ▶▶| रायपुर

महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की ओमान में गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि अब तक नहीं हुई है। कई राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों में गिरफ्तारी और भारत द्वारा प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू किए जाने की खबरें प्रकाशित होने के बावजूद ओमान सरकार और भारतीय दूतावास ने अब तक इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं की है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी कहा-हमारे पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं है।

हरिभूमि फॉलोअप

इसकी पुष्टि के लिए हरिभूमि ने रॉयल ओमान पुलिस, ओमान में स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहां से न हां कहा गया न इंकार किया गया। इसके बाद सस्पेंस गहरा गया है। मामले की स्वतंत्र पुष्टि के लिए हरिभूमि ने सबसे पहले रॉयल ओमान पुलिस को ईमेल भेजकर पूछा कि क्या सौरभ चंद्राकर को हिरासत में लिया गया है। इसके जवाब में रॉयल ओमान पुलिस ने न तो खबर का खंडन किया और न ही पुष्टि की। उन्होंने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा, Please contact your country embassy in the Sultanate of Oman. यानी इस संबंध में भारत के दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी।

### न ओमान सरकार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की, न खंडन




### छग पुलिस के पास भी कोई खबर नहीं

हरिभूमि ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया। आला अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अब तक उनके पास सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बारे में कोई अधिकृत खबर नहीं है। उसके प्रत्यार्पण के संबंध में भी केंद्रीय एजेंसियां ही जवाब दे सकती हैं। स्थानीय और राष्ट्रीय मीडिया में खबर थी कि सौरभ की ▶▶| शेष पेज 5 पर





### हरिभूमि ने मस्कट स्थित भारतीय दूतावास से मांगी जानकारी

*इसके बाद हरिभूमि ने मस्कट स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण प्रक्रिया के संबंध में आधिकारिक जानकारी मांगी। दूतावास के कम्युनिटी वेलफेयर विंग की ओर से जवाब आया कि यदि सौरभ चंद्राकर का पासपोर्ट अथवा अन्य पहचान संबंधी विवरण उपलब्ध कराया जाए, तो मामले को स्थानीय अधिकारियों के पास भेजकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। दूतावास के इस जवाब में भी न तो गिरफ्तारी से इनकार किया गया और न ही इसकी पुष्टि की गई।*

*हरिभूमि ने दूतावास को जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि एक समाचार संस्थान के पास संबंधित व्यक्ति का पासपोर्ट उपलब्ध होना संभव नहीं है। साथ ही यह भी बताया कि मीडिया रिपोर्टों में स्वयं यह दावा किया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर कथित तौर पर फर्जी पासपोर्ट के जरिए यात्रा कर रहा था। ऐसे में पत्रकार के लिए पासपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराना संभव नहीं है। हरिभूमि ने दूतावास से उपलब्ध सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर स्थानीय अधिकारियों से तथ्यात्मक पुष्टि करने का आग्रह किया है।*

### भारतीय दूतावास ने मांगा पहचान संबंधी विवरण




### पहले भी गिरफ्तारी की खबर उड़ चुकी हैं

सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की खबर पहले भी कई बार सामने आ चुकी है। 2024 में यूएई में हिरासत की खबरें भी सुर्खियों में रहीं, लेकिन वह भारत नहीं लाया गया। अब ओमान में हिरासत की खबरों के बीच हरिभूमि ने स्वतंत्र सत्यापन किया, जिसमें अब तक न ओमान सरकार और न ही भारतीय दूतावास ने गिरफ्तारी की स्पष्ट पुष्टि की है। इतना ही नहीं, ▶▶| शेष पेज 5 पर

सत्र के दौरान होंगी पांच बैठकें

## आज से विधानसभा का मानसून सत्र, हंगामेदार होने के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। पांच दिन चलने वाले सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप से सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र में विपक्ष के तेवर आक्रामक रहने के संकेत हैं। प्रश्नकाल, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है। विपक्ष का सबसे बड़ा हमला प्रदेश की ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 1033 सवाल लगाए

*विपक्ष के पास नकटी में ग्रामीणों के मकानों में तोड़फोड़, सामूहिक विवाह में खोटा मंगलसूत्र, कानून व्यवस्था, राजस्व विभाग में गड़बड़ी, बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, बिजली कटौती, किसानों को खाद-बीज वितरण, मानसून की स्थिति पर बोनी, खनिज माफियाओं का आतंक, रेत खदानों में अवैध उत्खनन, स्कूलों में गणवेश और पुस्तक वितरण, घटिया सड़कों का निर्माण, सहित कई अन्य मुद्दों पर बहस होगी। सत्र के लिए विधायकों ने कुल 1033 सवाल लगाए हैं।*

पश्चिमी प्रशांत महासागर में कई मौसमी सिस्टम

## देश में जल्द लौटेगा रूठा मानसून, होगी झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मौसम में इन दिनों मिलीजुली स्थिति बनी हुई है। पहाड़ों पर मौसम की मार से लोग बेहाल हैं। वहीं देश के ज्यादातर इलाकों में सूखा सा माहौल है। बारिश की कमी से किसान चिंतित हैं। मानसून की रफ्तार रुक गई है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि पश्चिमी प्रशांत महासागर में कई मौसमी सिस्टम बन रहे हैं। ऐसे में जल्द की झमाझम बारिश की उम्मीद मौसम विभाग ने जताई है। प्रशांत महासागर से आने वाली संभावनाएं उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। अगर ये सिस्टम बढ़े तो बारिश होगी।

**मानसून वापसी**

18 से 25 जुलाई का पीरियड बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगर प्रशांत महासागर के सिस्टम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुईं, तो वे निचली स्तर की हवाओं को मजबूत करेंगी।




शराब के नशे में रेंजर का नेशनल हाईवे पर हाई वोल्टेज ड्रामा

## बस को रोककर गाली गलौज, पुलिस दखल के बाद भी दिखाता रहा अकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130सी मुख्य मार्ग पर शनिवार रात करीब 11 बजे एक यात्री बस को रोककर शराब के नशे में रेंजर ने काफी हंगामा किया। पुलिस के आने के बाद भी वह काफी देर तक अकड़ दिखाता रहा और यात्री परेशान होते रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने दंबगई दिखाते हुए ड्राइवर के साथ गाली गलौज भी की, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। ड्राइवर ने थाने में घटना की शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मामला मैनपुर विकासखण्ड के इंदागांव थाना क्षेत्र का है, जहां रात में शारदा ट्रेवल्स की बस रायपुर से यात्रियों को लेकर देवभोग की ओर जा रही थी। इसी दौरान ध्रुवागुड़ी कालिमाटी के पास इंदागांव वन परिक्षेत्र के रेंजर सुशील ▶▶| शेष पेज 5 पर



### साइड नहीं देने पर किया विवाद

*आरोप है कि साइड नहीं देने की बात को लेकर वन अधिकारी सुशील सागर बस चालक से गाली-गलौच करते हुए विवाद करने लगा। उनके साथ मौजूद कर्मचारी भी चालक से बहस करते नजर आया। इस दौरान बस करीब आधे घंटे तक सड़क पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा.*

### की जा रही है जांच

*इंदागांव थाना प्रभारी डोमेंद सिन्हा ने बताया कि चालक की शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल नंम्बर में फोन किया गया लेकिन उनका मोबाइल बंद बता रहा है।*

### वन अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत

बस चालक यशवंत बंजारे ने बताया कि अभ्यारण्य क्षेत्र में हाईवे सिंगल लेन है और लगातार बारिश के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त है। ऐसे में सुरक्षित स्थान मिलने पर ही वाहनों को साइड देते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जोखिम नहीं उठाया जा सकता था। चालक ने बताया कि उसने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी और इंदागांव थाने में वन अधिकारी के खिलाफ लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया।

## नक्सली डंप से 16 लाख का सोना, दो लाख नगद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

हाल ही में हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले आत्मसमर्पित माओवादियों की निशानदेही पर थाना बारसूर क्षेत्र के ग्राम तोड़मा के घने जंगलों में चलाए गए सर्च अभियान के दौरान माओवादियों के छिपाकर रखा गया नकद, आभूषण, हथियारों और विस्फोटकों के कई डंप बरामद किए गए। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और अपनी गतिविधियों को संचालित करने के उद्देश्य से इन सामग्रियों को जमीन के नीचे अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा गया था। इसमें करीब 16 लाख रुपए का सोना और दो लाख रुपए नगद शामिल है। सर्चिंग अभियान के दौरान 116 ग्राम सोने के ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पाइप और तीर बम मिले

अन्य सामानों में टिफिन बम 6 , पाइप बम 4, तीर बम 122, पैरा बम 1, देशी हैण्ड ग्रेनेड 2, देशी मोर्टार 2, जिलेटिन 1 स्टील डब्बा, डेटोनेटर 20, कोडेक्स वायर 1 बंडल, कुकर 14, वर्दी कपड़ा, दवाइयां, पर्चे-पाम्पलेट एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई है।




पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी की किताब में बड़ा खुलासा

## मैं आत्महत्या कर लूंगा, ऐसा क्यों बोले थे डॉ. मनमोहन?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'मैं आत्महत्या कर लूंगा...', ये शब्द 2012 में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एस वाई कुरैशी से तब कहे थे, जब निर्वाचन आयोग के कामकाज को लेकर कुछ मंत्रियों की 'बेतुकी बयानबाजी' से आहत कुरैशी ने अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। सिंह ने कुरैशी से यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग केवल 'भारत का गौरव' नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की 'आत्मा' है और 'अगर हमने इसे खो दिया तो सबकुछ खो देंगे। इस दिलचस्प बातचीत का जिक्र ▶▶| शेष पेज 5 पर

### क्यों हुई थी मुलाकात?

कुरैशी के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ केंद्रीय मंत्रियों की टिप्पणी पर अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने उन्हें तुरंत मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्रियों के बयानों की जानकारी नहीं थी और अगर पहले पता चलता तो वे उन्हें फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और उसकी गरिमा हर हाल में बनी रहनी चाहिए।



### क्या है पूरा विवाद?

किताब के मुताबिक, यह मामला जनवरी 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का है। उस समय तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिमों के लिए 4.5 फीसदी उप-कोटा बढ़ाकर 9 फीसदी करने का वादा किया था। भाजपा ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग में शिकायत की। सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने सलमान खुर्शीद को कड़ी फटकार लगाई। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कुरैशी की किताब में क्या-क्या?

*कुरैशी की पुस्तक इंडिया एंड आई: ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर में सार्वजनिक जीवन के कई ऐसे अनुभवों का जिक्र किया गया है, जो पहले सामने नहीं आए थे। मनमोहन सिंह से जुड़ा यह प्रसंग भी उन्हीं संस्मरणों में शामिल है और इसे लेखक ने सांविधानिक संस्थाओं के प्रति तत्कालीन प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया है।*

# कुत्तों से बचकर सूखे कुएं में गिरा तेंदुआ, सीढ़ियां चढ़कर निकला

वन परिक्षेत्र नगरी अंतर्गत ग्राम मोहमल्ला में रविवार को एक तेंदुआ खुले सूखे कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र नगरी, सांकरा एवं बिरगुड़ी के वन अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और योजनाबद्ध तरीके से रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

टीम ने कुएं में मजबूत सीढ़ी लगाई, जिसकी सहायता से तेंदुआ स्वयं ऊपर चढ़कर सुरक्षित बाहर निकल गया और जंगल की ओर चला गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार सुबह गांव के समीप तेंदुआ दिखाई दिया। इसी दौरान गांव के कुछ कुत्तों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जान बचाने के प्रयास में तेंदुआ तेजी से भागा, लेकिन किसान भगतूराम गोंड़ के खेत के पास झाड़ियों से घिरे खुले सूखे कुएं का अंदाजा नहीं लगा सका और उसमें गिर गया। ग्रामीणों ने जब कुएं में तेंदुए को देखा तो तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रेंजर, डिप्टी रेंजर, बीड गार्ड, वन कर्मचारी रेस्क्यू सामग्री के साथ घटनास्थल पहुंचे। सबसे पहले पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर लोगों को कुएं से सुरक्षित दूरी पर रखा गया। तेंदुए के कुएं में गिरने की खबर फैलते ही मोहमल्ला सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंच गए।

## ग्राम मोहमल्ला में वन विभाग ने सीढ़ी लगाकर कराया सुरक्षित रेस्क्यू

### सीढ़ी के सहारे खुद चढ़कर निकला बाहर

*वन अधिकारियों ने परिस्थितियों का आकलन करने के बाद तेंदुए को बिना बेहोशी की दवा दिए प्राकृतिक तरीके से बाहर निकालने का निर्णय लिया। कुएं के भीतर मजबूत सीढ़ी लगाई गई। कुछ समय तक शांत रहने के बाद तेंदुए ने स्वयं सीढ़ी पर चढ़ना शुरू किया और सुरक्षित बाहर निकलकर तेजी से निकटवर्ती जंगल की ओर चला गया रेस्क्यू अभियान के दौरान वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से डटे रहे।*





### शिकार की तलाश में गांव पहुंचा

*वन विभाग के एसडीओ संजू ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार तेंदुआ भोजन या शिकार की तलाश में गांव के समीप पहुंचा होगा। कुत्तों के पीछा करने के दौरान घबराहट में वह खुले सूखे कुएं में गिर गया। तेंदुए के सुरक्षित रेस्क्यू और जंगल की ओर लौट जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की।*

## खबर संक्षेप

### महानदी में डूबते दो मासूमों को बचाया, खुद बह गया



**नवापारा-राजिम।** महानदी में शनिवार दोपहर घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे शहर को गहरे सदमे में डाल दिया। मानवता की मिसाल पेश करते हुए 32 वर्षीय प्रदीप कश्यप ने डूब रहे दो मासूम बच्चों की जान तो बचा ली, लेकिन स्वयं नदी की तेज धारा में समा गया। देर रात तक चले तलाश अभियान के बाद रविवार सुबह गोताखोरों ने उसका शव बरामद कर लिया। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग दो बजे प्रदीप कश्यप अपनी पत्नी मंगला कश्यप के साथ महानदी में नहाने गया था। उसकी पत्नी नदी किनारे कपड़े धो रही थी। इसी दौरान उनकी नजर दो छोटे बच्चों पर पड़ी, जो नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की जान पर बन आई थी। यह दृश्य देखते ही प्रदीप बिना एक पल गंवाए बच्चो को बचाने के लिए बढ़ गए। वे अपनी जान की परवाह किए बिना दोनों बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल दिया। बच्चों की जान तो बच गई, लेकिन इस दौरान वह स्वयं गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गया।

## विधायक दल की बैठक में बनी विशेष रणनीति

# सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई अहम विषयों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही राज्य सरकार को घेरने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। सत्र के दूसरे दिन 14 जुलाई को कांग्रेस, सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। पहले दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले को लेकर विपक्ष सदन में स्थगन प्रस्ताव लाएगा। दूसरे दिन नकटी में ग्रामीणों के मकानों में तोड़फोड़ किए जाने का मुद्दा भी स्थगन के माध्यम से उठाया जाएगा। वहीं खाद-बीज के मामले में किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर भी स्थगन प्रस्ताव लाए जाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। अपने बातों से मुकरे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके राज्य में रेत माफिया लोगों की जान ले रहे हैं। जिंदा जला रहे हैं। इनके राज्य में शराब गली-गली बिक रही है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर सरकार हम सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे।




### नकटी पर पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन

नकटी में ग्रामीणों के मकानों को तोड़फोड़ कर हटाए जाने के मामले को कांग्रेस प्रमुखता से विधानसभा में उठाएगी। मामले को लेकर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने बैठक में विधायकों को पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी। मामले में राज्य सरकार द्वारा चारागाह की जमीन खाली कराने के पीछे के उद्देश्यों के बारे में भी बताया गया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित सभी पूर्व मंत्री मौजूद रहे। बैठक में दो विधायक मौजूद नहीं थे। बताया गया है कि सभी विधायकों को सरकार के खिलाफ हर मामले में अपना पक्ष रखने का प्रयास करने के बारे में बताया गया। बैठक में बैज के 3 साल का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें बधाई दी गई।

### सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

छत्तीसगढ़ विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होगा। सत्र भले ही छोटा हो, लेकिन राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है। विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है, विपक्ष ने इसके लिए आक्रामक रणनीति बनाई है। बता दें कि इस बार विधानसभा सचिवालय में कुल 1033 प्रश्न लगाए गए हैं। इनमें 36 विधायकों ने नियमों के तहत अधिकतम 20-20 प्रश्न लगाए हैं।

## नकटी से राज्यपाल निवास तक 15 जुलाई को न्याय पदयात्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार नकटी गांव में 85 गरीब परिवारों के आवास ध्वस्त किए जाने के विरोध में तथा प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए 15 जुलाई को नकटी गांव से राज्यपाल निवास तक न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी। बैठक में कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल से मुलाकात का समय मांगा गया था, ताकि नकटी के प्रभावित परिवारों की समस्याओं एवं उनकी न्यायोचित मांगों से उन्हें अवगत कराया जा सके, किंतु अब तक राज्यपाल सचिवालय से समय नहीं मिला है। इसे लेकर समिति ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आंदोलन को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 15 जुलाई को नकटी गांव से राज्यपाल निवास तक न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रभावित परिवार, कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। पदयात्रा के माध्यम से प्रभावित परिवारों की पीड़ा, सम्मानजनक



पुनर्वास, उचित मुआवजा तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग राज्यपाल तक पहुंचाई जाएगी।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन) मलकीत सिंह गैंदू, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, भावेश बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा तथा नकटी के प्रभावित परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

### आज बनाई जाएगी रणनीति

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि 13 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे राजीव भवन में न्याय पदयात्रा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। इस दौरान पदयात्रा के मार्ग, व्यवस्थाओं, विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। नकटी प्रकरण जांच समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के निर्देशानुसार रविवार को राजीव भवन जांच समिति की बैठक में इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सलाहकार और सिफारिश करने वाली संस्था रिकवरी का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सलाहकार और सिफारिश करने वाली संस्था है। उसे कमर्शियल विवाद में पैसे की रिकवरी का आदेश देने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 के तहत आयोग की सलाह आमतौर पर राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हो सकती है, लेकिन वह रिकवरी का आदेश जारी करके किसी सक्षम अधिकारी की शक्तियों का इस्तेमाल नहीं कर सकती। जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 23 सितंबर 2022 को जारी कम्युनिकेशन को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई हुई।



- कोर्ट ने आयोग की सिफारिशों और आदेश को रद्द कर दिया

याचिकाकर्ता कमला मोटर्स ने 21 लाख रुपये में एक हार्वेस्टर बेचने का सौदा किया, जिसके लिए 30,000 रुपए का एडवांस दिया गया। चूंकि तय समय के भीतर बैंक फाइनेंस का इंतजाम नहीं हो सका और कोविड-19 महामारी के कारण डिलीवरी में भी देरी हुई, इसलिए यह सौदा पूरा नहीं हो सका। हालांकि फाइनेंस मिलने के बाद गाड़ी डिलीवरी के लिए उपलब्ध करा दी गई, लेकिन उसने सौदा रद्द कर दिया। सौदा रद्द के बाद आयोग सहित कई अधिकारियों के पास शिकायतें दर्ज कराई। आयोग ने कलेक्टर को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता से 1,26,500 रुपए वसूले और यह रकम शिकायतकर्ता को दें।

### किशोरी आत्महत्या मामला

## मुख्य आरोपी मप्र से गिरफ्तार दो फरार आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

शहर की नाबालिग छात्रा को कथित रूप से चोरी के आरोप में प्रताड़ित किए जाने के बाद हुई आत्महत्या के बहुचर्चित मामले में कोरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी विनोद वैद्य को पुलिस ने शनिवार रात मध्यप्रदेश के अनुपपुर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की विशेष टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि छात्रा के आत्महत्या करने के बाद उसके पिता की शिकायत पर बीएनएस एवं अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होते ही तीनों आरोपी फरार हो गए थे और अपने मोबाइल फोन भी बंद कर दिए थे, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों में तलाश की।



- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली ने मांगी है रिपोर्ट

## चिंगरापगार में बवाल, बंद होने के बाद दुर्ग के युवकों ने की मारपीट

**गरियाबंद।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चिंगरापगार में रविवार को 3 बजे प्रवेश बंद होने के बाद जबरन अंदर जाने की कोशिश को लेकर बड़ा बवाल हो गया।

दुर्ग से पहुंचे युवकों और प्रवेश व पार्किंग व्यवस्था संभाल रहे स्थानीय युवकों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बाहरी युवकों ने पाइप और हाथ-मुक्कों से स्थानीय युवकों की पिटाई कर दी। घटना से गुस्साए लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और युवकों की कार में तोड़फोड़ कर दी। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवकों को थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी सिटी कोतवाली पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्ग से चार-पांच युवक दो से तीन चारपहिया वाहनों में चिंगरापगार पहुंचे थे। पर्यटन स्थल में दोपहर 3 बजे के बाद प्रवेश बंद होने के बावजूद युवक अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था संभाल रहे स्थानीय समिति के युवकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले बहस हुई और फिर विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

पाइप से हमला करने का आरोप- स्थानीय लोगों का आरोप है कि विवाद के दौरान बाहर से आए युवकों ने समिति के सदस्यों के साथ पाइप और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

## स्कूटी से 4 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुर।** पुलिस ने दो प्रकरणों में आरोपियों के पास से 8 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। संदेह के आधार पर पुलिस ने जब आरोपियों की दो सुजुकी स्कूटी की बारीकी से तलाशी ली, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। तस्करों ने फिल्मी स्टाइल में स्कूटी के गुप्त हिस्सों (पाट्र्स) के अंदर नशीला पदार्थ गांजा को छुपा रखा था। आरोपी किशन कुमार एवं शिवप्रसाद सैनी निवासी राजस्थान के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## मैनपुर के दर्जनों गांव बन जाते हैं टापू, जान जोखिम में डालकर बच्चे जाते हैं स्कूल





### बाकड़ी नदी में पुल नही होने से दो छात्र की हो चुकी है मौत

मैनपुर से 11 किमी दूर धवलपुर से जरंडी जाने वाले मार्ग में पैरी नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से किया जा रहा है। इस क्षेत्र के दर्जनों बच्चे बारिश के दिनों मे नदी मे पानी को पार कर जान जोखिम मे डाल धवलपुर स्कूल पढ़ाई करने आते हैं। इस नदी मे कुछ वर्ष पहले दो बच्चों की स्कूल आते समय डूबने से मौत हो गई थी। लेकिन अब तक पुल निर्माण नहीम किया गया है।

# सूखे में सुखी, बारिश में मुसीबत फिर भी जीना यहां, मरना यहां...

*आधुनिक भारत के पिछड़े इलाकों में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां की आबादी सूखे में ज्यादा सुखी रहती है। बारिश यानी संकट। पुल-पुलिये और रपटा नहीं होने की वजह से जान जोखिम में डालकर सफर करने वाले लोगों की पीड़ा सामने ला रहा है हरिभूमि। दूसरी किस्त में मैनपुर, छुरा और हिरमी-रवान इलाके के दर्द को सामने रखा जा रहा है।*

## दशकों से डूब रहा है फिंगेश्वरी नाले का पुल, बहकर जा चुकी है जान, लेकिन नहीं बढ़ रही पुल की ऊंचाई

तेजराम ध्रुव ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



छुरा विकासखंड से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम अकलवारा से सोरिद खुर्द को जोड़ने वाले लगभग पांच किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग पर ग्राम फिंगेश्वरी के पास स्थित नाले पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्षों पहले पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुल की ऊंचाई नाले से मात्र चार से पांच फीट होने के कारण हर वर्ष बरसात में यह पुल बाढ़ के पानी में डूब जाता है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, तेज बारिश के दौरान नाले का जलस्तर बढ़ने पर पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है। ऐसी स्थिति में दो से तीन दिनों तक आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली छात्र-छात्राओं पर पड़ता है, जो विद्यालय नहीं पहुंच पाते। वहीं ग्रामीणों और अन्य यात्रियों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करने के बजाय लगभग 10 किलोमीटर का लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचलों के दर्जनों गावों के लोगों को बारिश के दिनों में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां तक पहुंचने के लिए राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी नदी-नालों पर पुल पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण अत्यधिक बारिश होने पर नदी में बाढ़ के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव टापू मे तब्दील हो जाते हैं और बीमार तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने मे भारी परेशानी होती है और तो और कई बार समय पर उपचार नही मिलने से अकाल मृत्यु तक हो जाती है। बच्चों को जान हथेली पर रखकर नदी-नाला पार करके स्कूल जाना पड़ता है। ऐसा करते हुए दो छात्र जान भी गंवा चुके हैं। यहां कंधे पर बिठाकर या नाव -, चट्टी या टियूब से नदी नाला पार करने का दृश्य आम है। मैनपुर विकासखण्ड ▶▶|शेष पेज 5 पर



### उदंती अभ्यारण्य के भीतर गांवों में नहीं है पुल-पुलिया

उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्राम साहेबिनकछार, कोदोमाली, नागेश, करलाइझर, पयलीखण्ड, अमाड़, देवझरअमली जैसे दर्जनों ग्रामों तक पहुंचने से पहले नदी नालों को पार करना पड़ता है। यहां भी पुल पुलिया की सुविदा नहीं है।

### क्या कहते हैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि बाकड़ी नदी में पुल निर्माण के लिए संबंधित मंत्री को ज्ञापन दिया गया था, जिसके बाद विभाग के अफसर नदी का निरीक्षण कर स्टीमेट बनाकर भेजे थे। अब तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ फिर इस मामले को विधानसभा मे प्रमुखता से उठाया जाएगा। श्री ध्रुव ने बताया बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाका और उदंती अभ्यारण्य के अलावा अमलीपदर क्षेत्र मे पुल पुलिया की मांग को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क बन रही है पर दो रपटों पर पुल नहीं, दर्जनों गांवों का टूट जाता है संपर्क

शंकर सिंह राजपूत ▶▶| हिरमी -रावण

संडी से तिल्दा जैसे बड़े शहर को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर स्थित भालूकोना के दो रपटों पर वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। वर्तमान में इस सड़क का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और सड़क को बेहतर बनाने के लिए व्यापक कार्य जारी है, किंतु सबसे महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थित दोनों रपटों पर पुल निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में इन रपटों के ऊपर से पानी बहने लगता है, जिससे आवागमन पूरी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बरसों से मिल रहा है आश्वासन

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई तो पानी का स्तर और अधिक बढ़ सकता है, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष पुल निर्माण की मांग रखी जा रही है, लेकिन आज तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। सड़क निर्माण कार्य के दौरान यदि इन दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कर दिया जाता तो भविष्य में लोगों को इस समस्या से राहत मिल सकती थी। ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए 9153 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा में शामिल होने जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से 9,153 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रवाना हुआ। इसमें 2,345 महिलाएं भी शामिल हैं। 359 वाहनों में सवार तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांदरबल जिले के बालटाल और अनंतनाग जिले के नुनवान (पहलगाम) स्थित दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं के इस 11वें जत्थे में 18 बच्चे भी शामिल हैं।

### कतर के पूर्व अमीर का निधन, भारत में शोक

**नई दिल्ली।** भारत ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी के सम्मान में सोमवार को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दूरदर्शी नेता बताया। शेख हमद का रविवार सुबह 74 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1995 से 2013 तक कतर पर शासन किया और ऊर्जा से समृद्ध इस खाड़ी देश में सामाजिक-आर्थिक विकास लाने का श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने भारत-कतर संबंधों को गहरा करने में भी अहम भूमिका निभाई।

## सीजफायर खत्म, ईरान ने फिर से बंद किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

# तीन दिन में ईरान पर हुए 300 हमले जवाब में 6 अमेरिकी बेस पर अटैक

एजेंसी ▶▶| दुबई

*बौखलाए अमेरिका ने एक ही दिन 140 ठिकानों पर दागे मिसाइल मिडिल ईस्ट में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य टकराव शुरू हो गया है। पिछले तीन दिन में ईरान ने अमेरिका का 6 बेस पर हमला किया तो अमेरिका ने तीन रातों में 300 टारगेट्स को निशाना बनाया। सीजफायर अब खत्म हो चुका है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा कर दी है। अमेरिका ने इसके जवाब में ईरान के सैकड़ों ठिकानों पर हमले किए हैं।*

अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर हमले के जवाब में रविवार तड़के ईरान पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कतर, कुवैत, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें आग लग गयी और उसके चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को हमेशा के लिए खत्म करने के वास्ते आगे की बातचीत में यह जलडमरूमध्य मुख्य अड़चन बन गया है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने रविवार तड़के ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हवाई हमले करने के बाद अपनी हालिया सैन्य कार्रवाई का यह चरण पूरा कर लिया है। उसने कहा कि निशाना बनाए गए ठिकानों में मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार उपकरण ▶▶|शेष पेज 5 पर




### कमर्शियल शिप पर अटैक, 11 भारतीय थे सवार

होर्मुज स्ट्रेट में एक कमर्शियल जहाज पर हुए ईरान ने हमला किया। ओमान तट के पास हुए इस हमले में जीएफएस गैलेक्सी नामक जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। भारत सरकार ने बताया कि इनमें से 10 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान में समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज जीएफएस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता है।

### ईरान ने जहाज पर फायरिंग के बाद बंद किया होर्मुज स्ट्रेट

यह घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। ईरान ने दावा किया कि उसकी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर कार्रवाई की, क्योंकि वह कथित तौर पर दूसरे रास्ते से गुजर रहा था। कई जहाजों को निर्धारित शिपिंग कॉरिडोर से गुजरने की चेतावनी दी गई थी।

### कई ठिकानों पर बरसे बम

ईरान के सरकारी मीडिया ने देश के कई हिस्सों में अमेरिकी हमलों की खबर दी। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य के सबसे निकट स्थित दक्षिणी ईरान का एक प्रांत और तेहरान के पास स्थित एक प्रांत में सैन्य ठिकाने भी शामिल हैं। हमलों का यह ताजा दौर शनिवार को ईरान और ओमान के विदेश मंत्रियों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हुई बैठक के बाद सामने आया।

### अर्थव्यवस्था का गला

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के तेल और गैस व्यापार का बहुत महत्वपूर्ण रास्ता है। ईरान ने कहा है कि जब तक 'ईरानी व्यवस्था' नहीं बनेगी, यह खुला नहीं रहेगा। ईरान अब यहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलना चाहता है। दक्षिणी रूट को अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बंद से वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है, हालांकि तेल की पहले के उच्च स्तर से कुछ कम हुई हैं।

## गुरुग्राम में खौफनाक वारदात

## भिलाई के इंजीनियर ने प्रेमिका की हत्या के बाद की खुदकुशी

***पीजी में पहले प्रेमिका को चाकू से गोदा, फिर ट्रेन के सामने कूदकर दी जान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



साइबर सिटी गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। भिलाई के सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रेष्ठ मलिक ने अपनी प्रेमिका यूपी की इशाका की बेरहमी से हत्या करने के बाद खुद भी मौत को गले लगा लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक ने पहले युवती को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारा और फिर रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

वारदात का खुलासा तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश की रहने वाली युवती 'इशाका' ने अपने परिवार का कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। चिंतित परिजनों ने तुरंत गुरुग्राम के सेक्टर-56 थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम सेक्टर-55 स्थित युवती के किराए के मकान पर पहुंची। वहां का नजारा देख पुलिस के भी होश उड़ गए।

पुलिस ने जब किसी तरह दरवाजा खोला, तो अंदर का दृश्य भयावह था। युवती इशाका का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। प्राथमिक जांच में सामने आया कि उसकी हत्या बेहद बेरहमी से चाकू से गोदकर की गई थी। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने शुरू किए।

### एक हत्या, एक सुसाइड

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि युवती का दोस्त श्रेष्ठ मलिक (25), जो मूल रूप से भिलाई, छत्तीसगढ़ का रहने वाला था, उसके कमरे पर आया था। पुलिस अभी उसे तलाश ही रही थी कि सूचना मिली कि गुरुग्राम रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव दो टुकड़ों में पड़ा मिला है। पहचान करने पर पता चला कि यह शव आरोपी श्रेष्ठ मलिक का ही है, जिसने युवती की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल, पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। सेक्टर-56 थाना एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस अब दोनों की कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस खौफनाक कदम के पीछे की असल वजह क्या थी?

## गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

## छात्र को रांग साइड जाकर नाबालिग कार चालक ने मारी टक्कर, मौत



मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रविवार की सुबह स्कूटी से कोचिंग जा रहे छात्र को वेयर हाउस रोड में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे नाबालिग कार चालक ने रांग साइड में जाकर टक्कर मार दी। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, साथ ही कार व ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दो भाइयों में छोटा था मृतक

मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई भुवनेश्वर में पढ़ाई कर रहा है। सड़क हादसे में लाडले बेटे की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया है।

### कार छोड़कर भागे नाबालिग

कार में नाबालिग चालक के दो तीन दोस्त भी सवार थे, जो मस्ती कर रहे थे। चालक ने काफी तेज गति से खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाते हुए छात्र को टक्कर मारी, हादसा इतना भयानक था कि कार के सामने का चक्का फट गया और सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं स्कूटी के परखच्चे उड़ गए।

## छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्ट संचालित संस्थानों को वैधता का एकमुश्त अवसर

# ईपीएफओ ने शुरू की एमनेस्टी स्कीम-2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 'एमनेस्टी स्कीम-2026' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत उन संस्थानों को एकमुश्त अवसर दिया जाएगा, जो अब तक छूट प्राप्त भविष्य निधि के तहत अपने निजी पीएफ ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं और अपने कानूनी दर्जे को नियमित (रेग्युलराइज) कराना चाहते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह योजना छह महीने तक प्रभावी रहेगी। मंत्रालय के अनुसार यह योजना उन संस्थानों पर लागू होगी, जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत मान्यता प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं। पात्र संस्थानों को अपने संबंधित ईपीएफओ क्षेत्रीय ▶▶|शेष पेज 5 पर




### एमनेस्टी स्कीम का लाभ?

ईपीएफओ के अनुसार यह योजना पात्र संस्थानों को अपने पीएफ ट्रस्ट की स्थिति को पूर्व प्रभाव से नियमित कराने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य सभी छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों को एक समान वैधानिक ढांचे के अंतर्गत लाना और संबंधित कानूनी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण से यह योजना उनके भविष्य निधि खातों की कानूनी स्थिति को अधिक स्पष्ट और सुरक्षित बनाएगी।

### क्या होता है एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड?

एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड ऐसी व्यवस्था है, जिसमें नियोक्ता अपने कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का प्रबंधन सीधे ईपीएफओ के माध्यम से कराने के बजाय स्वयं गठित एक मान्यता प्राप्त निजी ट्रस्ट के जरिए करता है। हालांकि, ऐसे ट्रस्टों को ईपीएफओ के निर्धारित मानकों और कानूनी प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होता है।

### स्वास्थ्य में 53 लाख को मिलेगा फायदा

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया देशभर में लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 7 नई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन मंगलवार को करेंगे। इन परियोजनाओं के शुरू होने से देश के करीब 53 लाख ईएसआई लाभार्थियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डॉ. मांडविया तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में नवनिर्मित अत्याधुनिक आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे।

## एम्स की अंतिम रिपोर्ट में

## ट्विशा के स्किन टिश्यू जिम बेल्ट पर मिले

**नई दिल्ली।** भोपाल में 12 मई को अपने ससुराल में फंदे से लटकी मिली ट्विशा शर्मा का दूसरा पोस्टमार्टम करने वाले दिल्ली स्थित एम्स के मेडिकल बोर्ड ने अपनी अंतिम फॉरेंसिक रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है, जिसमें कथित तौर पर फंदे के रूप में इस्तेमाल जिम्नास्टिक बेल्ट पर त्वचा के ऊतक मिलने की पुष्टि हुई है। यह ट्विशा के गर्दन पर मिले चोट के निशानों के 'पैटर्न' से मेल खाती हैं। एम्स के पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने 10 जुलाई को अपनी 11 पृष्ठों की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सीबीआई को सौंपी।



### सीबीआई को सौंपी जांच रिपोर्ट

रिपोर्ट के साथ भेजे गए पत्र के अनुसार, सीलबंद रिपोर्ट सीबीआई के जांच अधिकारी को सौंपी गई, जबकि दूसरे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के दौरान बनाया गया वीडियो जांच एजेंसी के पास है।

## चिंतन

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।



राम मंदिर
उज्ज्वल दीपक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया,स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था। 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं। यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## परियोजनाएं
विवेक मिश्रा



# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई। इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य , 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया,लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है। अपेक्षाकृत अधिक भागीदारीपूर्ण, सुरक्षित और किफायती होने के बावजूद यह भारतीय योजनाएं , पड़ोसी देशों में अपनी जटिल प्रक्रिया व दीर्घ कार्यावधि के कारण चीन की आक्रामक , महंगी लेकिन तेज निर्माण गति वाली बी.आर.आई जैसी योजनाओं से पिछड़ती नजर आती है। आवश्यक है कि, इन विषमताओं का सामना भारत सरकार प्रक्रियाओं को सरल व त्वरित बना कर एवं निर्माणाधीन कंपनियां लाभांश के अनुपातिक आंकलन से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों के अनुकूल सैन्य चपलता से करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

# हनुमान जी ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान




संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ–सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए। *– सतीश चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन



मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वास्थ्य सुविधाएं



बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।
**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### चावल घोटाला



आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य

विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।



वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।
शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।
रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में श्रीलंका में भारतीय शादियों की बुकिंग में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, थाईलैंड अब भी भारतीयों के लिए सबसे लोकप्रिय विदेशी विवाह गंतव्य बना हुआ है। वर्ष 2025 में वहां करीब 25 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट 'वेडमीगुड' के उपभोक्ता और उद्योग नेटवर्क के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है



जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना–देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना–देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबट्र्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# हनुमान अंश के टीजर में नीम करोली बाबा की कहानी

**नई दिल्ली।** श्री नीम करोली बाबा की कहानी पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' 31 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का मकसद आस्था, विनम्रता और सेवा की भावना के सफर को पर्दे पर उतारना है। विशाल चतुर्वेदी की लिखित और निर्देशित इस फिल्म में शोभिना डब्ल्यू. सत्या, विहान एस. हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे लीड रोल्स में हैं। इसे रागिनी एस., नम्रता जी. सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज से पहले, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया है। फिल्म 'हनुमान अंश' आस्था, विनम्रता और असीम प्रेम की यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का मकसद उस संत की कहानी को सामने लाना है।

लाइफ Style

# दिशा

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा


एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी।

इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते। दिशा पाटनी ने कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी।





# फिर साथ रहने लगे विल और पत्नी जेडा?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और पत्नी जेडा पिंकेट की शादी को लगभग 29 साल हो चुके हैं। 57 वर्षीय विल स्मिथ और 54 वर्षीय जेडा की शादी 1997 में हुई थी। 2023 में जेडा स्मिथ ने खुलासा किया कि वह और विल स्मिथ 2016 से अलग रह रहे थे। हालांकि उन्होंने कभी तलाक के लिए अर्जी नहीं दी। विल स्मिथ और उनकी पत्नी जेडा पिंकेट पिछले दो साल से फिर से एक ही घर में रह रहे हैं। जबकि पहले वे अलग-अलग घरों में रहते थे। एक सूत्र ने पीपल्स मैगजीन को बताया कि जेडा पिंकेट और विल स्मिथ साथ रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। वह खुश हैं, एक-दूसरे से प्यार करते हैं।'बीते दिनों भी इस कपल को पेरिस फैशन वीक के दौरान साथ देखा गया।



# बेटी को ट्रोल करने वालों पर आगबबूला


**मुंबई।** अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने अपनी बेटियों, अवंतिका और आनंदिता का बचाव करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। हाल ही में, बेटी की शादी के बाद लुक को लेकर खुशबू की बेटी को ऑनलाइन ट्रोल किया गया था। खुशबू सुंदर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करके इसकी आलोचना की है और साफ कहा है कि परिवार पर निशाना साधने पर वे चुप नहीं रहेंगी। खुशबू सुंदर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी चुप्पी को कभी भी सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने अपने परिवार के सफर का जिक्र किया और कहा कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत, त्याग और लगन से बना है।



# आंख पर बैठी मक्खी भी नहीं हटाई...

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'इक्का' में तिलोत्तमा शोम ने पहली बार वकील की भूमिका निभाई है। एक बातचीत में उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक ऐसा किस्सा साझा किया। तिलोत्तमा कहती हैं, 'यह घटना शायद मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। पहले सनी सर का हिस्सा शूट हुआ। फिर कैमरा मेरी तरफ आ गया। सनी सर बिल्कुल मेरे सामने खड़े थे और मैं अपना लंबा संवाद बोल रही थी। इसी दौरान कई मक्खियां उनके चेहरे के आसपास मंडराने लगीं। फिर एक मक्खी उनकी आंख के बिल्कुल किनारे जाकर बैठ गई। मैं मन ही मन सोच रही थी कि अब तो शूटिंग जरूर रोक दी जाएगी, क्योंकि ऐसी स्थिति किसी के लिए भी असहज हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

टीवी मसाला



# जोक्स जिन्हें सुनाने के बाद स्टेज के पीछे जाकर रोते हैं कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से जुड़े आर्टिस्ट राजीव ठाकुर का शुरुआती दौर काफी मुश्किल रहा है। राजीव खुद एक इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बीता था और उन दिनों ने उनके जीवन पर बहुत प्रभाव डाला। राजीव ने बताया कि वह कई बार अपने उन दिनों के अनुभवों को अपने जोक्स में डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं। भले ही वह उन तजुर्बों की मदद से लोगों को हंसा देते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं, और पर्दे के पीछे जाकर रोते हैं। एक बातचीत में राजीव ने बताया कि उन्हें अपने बचपन के बारे में याद करके बहुत तकलीफ होती है। राजीव ने कहा, 'मेरी जर्नी उन हालातों में शुरू हुई थी, जिन्हें मैं याद भी नहीं करना चाहता हूं। अगर मैं आज लोगों को इसके बारे में बताऊं, तो यह आपको किसी काल्पनिक कहानी जैसा लग सकता है। क्योंकि कोई ऐसा नहीं है जो इसकी पुष्टि कर सके।' राजीव ने बताया कि क्यों वह अक्सर अपने बचपन और करियर के शुरुआती दिनों को अपनी कॉमेडी में उतारने से बचते हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, 'लोग मुझसे अक्सर कहते हैं कि आपको अपने दर्द को स्टैंडअप कॉमेडी में बदल देना चाहिए। मैं कभी-कभी ऐसा करता भी हूं, लेकिन उन जोक्स को सुनाते वक्त मेरा दर्द इतना रियल होता है कि मैं स्टेज के पीछे जाकर रोने लगता हूं। यही वजह है कि मैं अपनी जिंदगी के उस दौर के बारे में बहुत कम बात करता हूं।'

## 'कोई दूध का धुला नहीं होगा'

**नई दिल्ली।** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो 'लॉक अप- सच या सजा' से बाहर हो गई हैं। बीते दिन शनिवार को 'जजमेंट डे' एपिसोड में गोविंदा और उनकी बेटी टीना आहूजा उन्हें शो से बाहर ले जाने के लिए आए थे। शो के दौरान, सुनीता ने कई बार शादी में धोखा देने का जिक्र किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोविंदा के कई वर्षों तक कई अफेयर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि वह कभी भी उन्हें छोड़कर नहीं जाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद शादी में उनका भरोसा और प्यार अटूट बना हुआ है। सुनीता आहूजा ने 'लॉक अप 2' से निकलने के बाद बातचीत में शादी में धोखे के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'भरोसा बहुत बड़ी चीज है। मुझे नहीं लगता कि फिल्म इंडस्ट्री का कोई भी हीरो दूध का धुला होगा। हमसे ज्यादा तो वो लोग हीरोइनों के साथ टाइम बिताते हैं। तो ये आपके प्यार पर निर्भर करता है कि आप कैसे लेते हो'।



# किशोर कुमार ने मांगी थी मोटी फीस तो बेटे से गंवाया 'पर्दा है पर्दा' गाना...

**नई दिल्ली।** 1977 में मनमोहन देसाई की चार बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। उनमें से एक थी 'अमर अकबर एंथनी'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी तीन ऐसे भाइयों की होती है जिन्हें उनका पिता एक पार्क में छोड़ आता है। बाद में तीनों भाइयों का अलग धर्मों में पालन पोषण होता है। इस फिल्म की कहानी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। लेकिन, इसके गानों की अपनी एक अलग जगह रही। इस फिल्म ने उस साल के सबसे बेहतरीन गाने दिए। भक्ति गीत हो या कव्वाली, इस फिल्म का अहम हिस्सा रहे।

### अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक

फिल्म अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक उस समय की सबसे हिट जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने तैयार किया था। फिल्म में कुल कुल 7 गाने थे। शिरड़ी वाले साईं बाबा, तैय्यब अली प्यार के दुश्मन हाय हाय, टाइटल सॉन्ग अमर अकबर एंथनी, हमको तुमसे हो गया है प्यार क्या करें जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, जिस गाने को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली वो था ऋषि कपूर पर फिल्माया 'पर्दा है पर्दा' था। फिल्म के इस कव्वाली गाने को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से सजाया था और इसके गीत लिखे थे आनंद बक्शी ने। ये गाना उस साल का नंबर 2 पर था जिसे दुनियाभर में खूब सुना गया। गाने में ऋषि कपूर की एक्टिंग और एक्सप्रेशन आज भी हिट है। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की एक लाइन गाने के लिए पहले किशोर कुमार से बात की गई थी। लेकिन, वो सिर्फ एक लाइन के लिए इस गाने का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।

### आज भी पसंद किया जाता है यह गाना

किशोर कुमार ने फिल्म के गाने 'पर्दा है पर्दा'में एक लाइन गाने के लिए मोटी फीस की मांग कर दी। ऐसे में म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी निराश हो गई। बाद में ये लाइन किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने कम पैसों में गाकर पूरी की। ये गाना आज भी उतना ही पसंद किया जाता था जितना करीब 39 साल पहले था।

### अमिताभ ने जीता था पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

फिल्म अमर अकबर एंथनी की कहानी डायरेक्टर मनमोहन देसाई ने एक न्यूज पेपर में पढ़ी थी। खबर में था कि एक पिता तंगहाली से परेशान हो कर अपने बच्चों को पार में छोड़ गया। इस पर उनकी पत्नी और लेखक ने फिल्म की स्क्रिप्ट लिख डाली। फिल्म 1975 में लगी इमरजेंसी की वजह से करीब दो साल बाद 1977 में रिलीज हुई। उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने अपना पहला बेस्ट एक्टर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था।

# सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में दिखाया जाएगा रामायण का फर्स्ट लुक...

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सैन डिएगो कॉमिक कॉन में दिखाया जाएगा। 23 जुलाई को वहां फर्स्ट लुक रिवील होगा। सैन डिएगो कॉमिक-कॉन दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक पॉप-संस्कृति और कॉमिक बुक सम्मेलन है। इसकी शुरुआत 1970 से हुई थी। 23 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक इसका आयोजन होगा। पहले दिन ही यहां 'रामायण' की पहली झलक देखने को मिलेगी। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा, डायरेक्टर नितेश तिवारी के अलावा मुख्य सितारे रणबीर कपूर और यश फर्स्ट लुक पेश करेंगे। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स 18 जुलाई को नई दिल्ली में फिल्म का जबर्दस्त ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म 'रामायण' मेगा बजट फिल्म है, जिसे करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत के साथ बनाया जा रहा है। रणबीर कपूर इसमें भगवान राम की भूमिका अदा कर रहे हैं, वहीं साईं पल्लवी को माता सीता के रोल में देखा जाएगा। यश रावण का किरदार निभाते दिखेंगे। वहीं, सनी देओल प्रभु हनुमान की भूमिका में होंगे। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, लारा दत्ता, अरुण गोविल और शीबा चड्ढा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा और दूसरा हिस्सा अगले साल दिवाली पर दस्तक देगा।



## एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है

# 9 भाषाएं, 24 फिल्में, सिनेमा में 98 साल पुराना और गहरा है देवदास का इतिहास

*मुंबई। स्व. शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का कालजयी उपन्यास देवदास एक शताब्दी से भारतीय सिनेमा की धड़कन बना हुआ है। संदीप भूतोड़िया के अनुसार यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है जो हर पीढ़ी को अपना सा लगता है।*

### सिनेमा में साहित्य

भारतीय साहित्य की बहुत कम कृतियों को सिनेमा की दुनिया में ऐसा जादुई और असाधारण जीवन मिला है, जैसा शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास देवदास को मिला। वर्ष 1917 में प्रकाशित यह लघु उपन्यास एक युवा जमींदार के बेटे देवदास की कहानी कहता है। देवदास का अपने बचपन के प्यार पार्वती (पारो) के साथ रिश्ता पारिवारिक घमंड और कठोर सामाजिक रूढ़ियों की भेंट चढ़ जाता है।

### देवदास की कहानी

अपनी दुविधा और भावनात्मक कमजोरी के कारण देवदास पारो को एक अधिक अमीर परिवार में ब्याहे जाते हुए देखता है। इसके बाद शराब की लत में डूबकर वह तवायफ चंद्रमुखी के संपर्क में आता है, जिसकी सच्ची सहानुभूति देवदास की जीवन से भागने की लाचारी से बिल्कुल अलग दिखती है। यह कहानी भारतीय साहित्य के सबसे दर्दनाक मोड़ पर खत्म होती है, जहां देवदास आखिरी बार पारो से मिले बिना उसके घर के बाहर दम तोड़ देता है।




### हिंदी में सहगल को किया कास्ट

इसकी भारी सफलता के बाद उन्होंने अगले ही वर्ष इसे हिंदी में बनाया और के.एल. सहगल को कास्ट किया। सहगल के अभिनय और अमर गानों ने पूरे भारत में देवदास को अमर कर दिया। बरुआ ने बाद में इसका असमिया संस्करण भी बनाया, जिससे यह भारतीय सिनेमा के शुरुआती बहुभाषी प्रोजेक्ट्स में से एक बना। बरुआ ने अकेले ट्रेन का सफर और बंद दरवाजों के बाहर मौत जैसे दृश्यों से एक ऐसा विजुअल ढांचा तैयार किया, जिसे बाद के निर्देशक हमेशा दोहराते रहे।

### 24 फिल्में अब तक बनी हैं देवदास उपन्यास पर

9 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में पर्दे पर उतरी है देवदास की कहानी। यह हैं हिंदी, बंगाली, तेलुगु, तमिल,मलयालम, असमिया, भोजपुरी, ओड़िया और उर्दू। अकेले निर्देशक पी.सी. बरुआ ने ही 3 अलग भाषाओं (बंगाली, हिंदी, असमिया) में इस पर तीन फिल्में बनाईं। 3 अन्य देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और सिंगापुर) में भी देवदास पर फिल्में बनी हैं।

### दुनिया के सामने भव्य प्रदर्शन

वर्ष 2002 में संजय लीला भंसाली की देवदास के साथ इस कहानी में एक बहुत बड़ा और नाटकीय बदलाव देखने को मिला। शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के अभिनय से सजी इस फिल्म ने यथार्थवाद को पूरी तरह छोड़कर एक भव्य और ओपेरा जैसी नाटक शैली को अपनाया। आलीशान सेट, चमचमाते महंगे कपड़े और गानों के भव्य दृश्यों ने शरत चंद्र की इस भावुक और शांत त्रासदी को एक विशाल सिनेमाई उत्सव में बदल दिया। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद इस फिल्म को वैश्विक पहचान मिली और दुनिया भर के दर्शकों ने देवदास को जाना। जहां पुरानी शैली के आलोचक इसके भारी तड़क-भड़क पर सवाल उठा रहे थे, वहीं भंसाली ने यह साबित कर दिया कि कहानी की मूल आत्मा को खोए बिना इसे नए युग की भव्यता के साथ पेश किया जा सकता है।



## केदारनाथ यात्रा पर बारिश की मार, सोनप्रयाग के पास भूस्खलन से हाईवे बंद

# पहलगाम में बादल फटा, कई सड़कें बह गईं उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 126 रास्ते हुए बंद


डोडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। रविवार को उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड हुआ, जिससे दो नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हो गईं।

- देहरादून में दीवार गिरने से महिला की मौत, कई घर खाली कराए गए
- यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम लैंडस्लाइड के कारण बंद


पहलगाम


ऋषिकेश

### कई परिवारों ने घर छोड़े

वहीं, देहरादून में दीवार गिरने से एक महिला घायल हो गई और सात परिवारों को अपना घर खाली करना पड़ा। यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम चल रहा है, जो स्यानाचट्टी में लैंडस्लाइड की वजह से पिछले तीन दिनों से बंद है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, पिछले 24 घंटों से लगातार बारिश की वजह से हुए लैंडस्लाइड की वजह से पूरे राज्य में सड़क संपर्क टूट गया।


अनंतनाग

### केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह राजवार ने कहा कि भूस्खलन के कारण बाधित सड़क के अलावा केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रभावित मार्ग जल्द ही फिर से खोल दिया जाएगा। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार हो रही बारिश के कारण हुए भूस्खलन ने केदारनाथ यात्रा में परेशानी खड़ी कर दी है।

### उत्तराखंड में 120 सड़कें और 3 नेशनल हाईवे बंद

- *रुद्रप्रयाग (सोनप्रयाग): मुनकटिया के पास भारी भूस्खलन से केदारनाथ नेशनल हाईवे बंद हुआ है।*
- *उत्तरकाशी: यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर स्यानाचट्टी के पास भूस्खलन के कारण लगभग 100 मीटर सड़क पूरी तरह बह गई, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्री फंस गए (जिन्हें एसडीआरएफ ने रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला)। गंगोत्री हाईवे पर नालू पानी के पास भी भारी मलबा आने से रास्ता बाधित हुआ।*
- *टिहरी गढ़वाल: मसूरी मोड़ (कैम्प्टी) के पास लैंडस्लाइड की वजह से नैनबाग रूट प्रभावित रहा।*
- *हिमाचल: पहाड़ दरक रहे हैं और नदियों का जलस्तर बढा*
- *शिमला: शिमला के संजौली (बोथवेल एस्टेट) इलाके में भीषण भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है, जिसके चलते कई मकानों के ढहने की आशंका है और लोग रातभर घरों से बाहर रहने को मजबूर हुए। इसके अलावा राजहाना गांव और शिमला की मुख्य कार्ट रोड पर भारी मलबा और पेड़ गिरने से गाड़ियाँ दब गईं और ट्रैफिक ठप हो गया।*
- *किन्नौर व सांगला: किन्नौर में लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण सांगला में एक बेली ब्रिज (**Bailey bridge**) ढह गया और लिप्पा में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया।*

#### उत्तर-पूर्वी राज्य

- *मेघालय और मिजोरम: भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्वी राज्यों, विशेषकर मेघालय के पहाड़ी इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश के कारण छोटे पैमाने पर भूस्खलन और सड़कें ब्लॉक होने की खबरें हैं।*

---

## 'वृक्ष मित्र परिवार' बनाने का राष्ट्रीय स्तर तक चलेगा अभियान: शिवराज



- केंद्रीय मंत्री चौहान ने वृक्ष मित्रों के साथ संवाद में दिया हरित भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित "पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम और वृक्ष मित्र संवाद" में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर से जुड़े लगभग 17 हज़ार वृक्ष मित्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का बड़ा संकल्प रखा। चौहान ने राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला, ब्लॉक और गाँव स्तर पर "वृक्ष मित्र परिवार" की समितियाँ बनाकर पूरे अभियान को संगठित ढाँचे में चलाने, इस संरचना का विधिवत रजिस्ट्रेशन कराने और पंचायतों व शहरी निकायों में वृक्षारोपण के लिए निश्चित स्थल चिन्हित करने की बात रखी।

### ऑनलाइन व ऑफ-लाइन जुड़े वृक्ष मित्र

कार्यक्रम में पद्म भूषण पर्यावरणविद् अनिल जोशी, प्रख्यात चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. अनूप हजेला, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट और देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों वृक्ष मित्र प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए जबकि हजारों साथी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। **हरियाली अमावस्या तक तैयार हो सके मजबूत नेटवर्क** : केंद्रीय मंत्री चौहान ने वृक्ष मित्रों से मिले सुझावों और संवाद के आधार पर पर्यावरण संरक्षण को ठोस जनआंदोलन का रूप देने के लिए साफ–सुथरी रूपरेखा सामने रखी। हर वृक्ष मित्र साल में कम से कम एक पेड़ लगाएगा और कम से कम पाँच नए लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लेगा, सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के माध्यम से की जाएगी ताकि 12 अगस्त की हरियाली अमावस्या तक एक मजबूत नेटवर्क तैयार हो सके।

## संसदीय समिति की सिफारिश हटाने के बजाए हो 'निलंबन'

- संसदीय समिति रिपोर्ट के जल्द स्वीकृत किए जाने के आसार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विपक्षी दलों की चिंताओं के बीच संसद की एक कमेटी ने सिफारिश की है कि यदि प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री किसी गंभीर अपराध के आरोप में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखे जाते हैं, तो उन्हें उनके पद से हटाने की जगह निलंबित किया जाना चाहिए।

कमेटी ने एक ऐसी व्यवस्था का भी प्रपोजल दिया है, जिसके अंतर्गत अगर ऐसे लोगों को आरोपों से बरी कर दिया जाता है या मुकदमे की कार्यवाही तय समयसीमा के अंदर आगे नहीं बढ़ती है, तो निलंबन खुद ही खत्म हो जाएगा। दरअसल, 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही पार्लियामेंट की ज्वॉइंट कमेटी ने 2 खास और 3 सामान्य सिफारिशें कीं। अगस्त, 2025 में पेश किए गए इस बिल में यह प्रावधान था कि यदि प्रधानमंत्री, मंत्री या मुख्यमंत्री हिरासत में रहने के 31वें दिन तक खुद त्यागपत्र नहीं देते हैं, तो उन्हें स्वतः उनके पद से हटा दिया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने इस बिल को विपक्षी पार्टियों की सरकारों को अस्थिर करने का एक माध्यम बताया था। विपक्ष के ज्यादातर दलों ने इस बिल की समीक्षा करने वाली ज्वॉइंट कमेटी से दूरी बना ली थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रपोजल दिया है कि पद से हटाना शब्द को निलंबन से बदला जाए, मतलब कि जिन मंत्रियों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं, उन्हें कानूनी कार्यवाही का फैसला आने तक स्थायी तौर पर पद से हटाने की जगह निलंबित किया जाना चाहिए। उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों से जुड़े केस की सुनवाई त्वरित या स्पेशल कोर्ट में होनी चाहिए। प्रस्तावित कानून में एक अलग अनुसूची होनी चाहिए जिसमें 5 वर्ष या उससे ज्यादा की सजा वाले अपराध शामिल हों, ताकि उन अपराधों की स्पष्ट पहचान हो सके, जिनकी वजह से निलंबन हो सकता है। यह बिल यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पेश किया गया था कि सरकारें जेल के अंदर से न चलाई जाएं। यदि सिफारिशें मान ली जाती हैं, तो गृह मंत्रालय प्रस्तावित संशोधनों के साथ यूनियन कैबिनेट के पास जाएगा और बाद में लोकसभा में आधिकारिक रूप से संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा।

- यदि कोई पीएम और सीएम जेल जाए तो...

### मप्र की सबसे बड़ी साइबर ठगी

## ग्वालियर के बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ रुपए हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



- लड़की ने ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया

हैलो... मैं दिव्या बोल रही हूं, सोशल मीडिया पर आए इसी एक मैसेज से शुरू हुई चैटिंग ने मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अशोक विजयवर्गीय को कंगाल बना दिया। ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर शातिर साइबर ठगों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ 6 लाख रुपए हड़प लिए। इसे प्रदेश के इतिहास में ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी माना जा रहा है। राज्य साइबर सेल के डीएसपी संजीव नयन शर्मा ने बताया कि पीड़ित अशोक विजयवर्गीय को क्रिप्टो और यूएसडीटी ट्रेडिंग के नाम पर जाल में फंसाया गया था। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए ठगों ने निवेश पर काल्पनिक रिटर्न दिखाया, जिससे झांसे में आकर पीड़ित लगातार बड़ी रकम ट्रांसफर करते गए। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने हाथ खड़े कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। साइबर सेल ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर विशेषज्ञ बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजैक्शन और मोबाइल नंबरों को ट्रैक कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान नंबरों से मिलने वाले निवेश के लुभावने प्रस्तावों और असामान्य मुनाफे के दावों से सतर्क रहें।

## आज से गोयल यूरोप दौरे पर व्यापार, निवेश व प्रौद्योगिकी सहयोग को देंगे नई गति



- स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड में मिलेंगे उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 13 से 17 जुलाई तक स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह भारतीय उद्योग जगत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। दौरे का उद्देश्य यूरोपीय देशों के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करना तथा व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना है।

### स्पेन से शुरू होगा दौरे का पहला चरण

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार दौरे के पहले चरण में केंद्रीय मंत्री सोमवार को स्पेन पहुंचेंगे। वहां वह चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ स्पेन, सीईओई और आईसीईएक्स स्पेन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट के सहयोग से आयोजित भारत-स्पेन बिजनेस राउंडटेबल में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### दूसरे चरण में जाएंगे बेल्जियम

दौरे के दूसरे चरण में पीयूष गोयल 14 और 15 जुलाई को बेल्जियम जाएंगे। वहां उनकी मुलाकात थेल्स ग्रुप और सिलॉक्स ग्रुप के शीर्ष नेतृत्व से होगी। इसके अलावा वह भारत-यूरोपीय संघ, बिजनेस राउंडटेबल तथा ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल प्लेनरी में भी भाग लेंगे। इन बैठकों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, व्यापार सुगमता, टिकाऊ प्रौद्योगिकियां और मजबूत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर विचार-विमर्श होगा।

---

## वियतनाम से 16 भारतीय पर्यटक लौट रहे, एक लड़ रहा जिंदगी से



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास हुए दर्दनाक स्पीडबोट हादसे में बचाए गए 16 भारतीय पर्यटक अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद स्वदेश लौट रहे हैं। वहीं हादसे में जीवित बचे एक भारतीय पर्यटक का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई थी। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि हादसे में बचाए गए 15 पर्यटकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वे भारत लौट रहे हैं।

- मृतकों में 10 तमिलनाडु, 3 आंध्र प्रदेश और 2 केरल के हैं

गंभीर रूप से घायल दो मरीजों में से एक को भी अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और वह भारत के लिए रवाना हो गया है। जबकि दूसरा घायल अब भी फु क्वोक के एक अस्पताल में उपचाराधीन है। भारतीय दूतावास ने बताया कि दूतावास और वाणिज्य दूतावास की टीमें फु क्वोक में मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही हैं। भारतीय दूतावास की ओर से साझा की गई सूची के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले 15 भारतीयों में 10 तमिलनाडु, तीन आंध्र प्रदेश और दो केरल के रहने वाले थे। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी 15 शव बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल हादसे की सटीक वजह का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है।

## यूक्रेन के ड्रोन ने 3000 किमी घुसकर रूसी रिफाइनरी को उड़ाया, रोकने में नाकाम रहा रूसी स्टील्थ जेट



**मॉस्को।** रूस ने पिछले पांच वर्षों से चल रहे यूक्रेन युद्ध में अपने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान एसयू-57 का बहुत कम इस्तेमाल किया है। आलोचकों का मानना है कि इसके पीछे की असल वजह ये है कि रूस नहीं चाहता है कि एसयू-57 को कोई नुकसान पहुंचे क्योंकि वो इसे बेचना चाहता है। नुकसान होने से इसकी साख को भारी नुकसान पहुंचेगा। अब यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि रूस ने एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए एसयू-57 का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। लेकिन इस सीमित भूमिका में भी इस स्टील्थ फाइटर को मिली-जुली सफलता ही मिली है। वीडियो फुटेज में वहां पर एसयू-57 को तेजी से गुजरते देखा गया है और ऐसा लग रहा है कि वो ड्रोन को मारने की कोशिश कर रहा है लेकिन नाकाम साबित हो रहा है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

WANTED TEACHERS- Primary, Middle and Higher Secondary School (All Subjects including Computer and PTI) WALK-IN-INTERVIEW Sunshine Hr. Sec. School, Durg Opp. Utsav Palace, Station Road, Durg Date: 13.07.2026 Timings: 12:30p.m. to 2:30p.m. Phone No: 9300768856, 9098532963.(आरोन-1315)

आवश्यकता है- लेडी प्रिंसीपल, वाईस प्रिंसीपल एवं एकाउंट, मैथ्स, मैनेजमेंट इको, एसएसटी, इंग्लिश पढ़ाने हेतु, डांस, म्यूजीक, स्पोर्ट्स शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 15.07.2026 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.(आरो-097)

Requirement- science teacher to teach -chemistry & biology - contact Vardhman The School Nahar Road Krishna Nagar Santoshi Nagar Raipur. 9109329528. (आरो-14)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 11,000 रूपये प्रतिमाह, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767. (आरो-096)

आवश्यकता है- रिटेल मेडिकल दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- जीत मेडिकल स्टोर सदर बाजार रायपुर 9827112082. (आरो-4700)

आवश्यकता है- बेकरी शॉप में कस्टमर हैंडल करने स्मार्ट युवक/ युवतियों की तथा अन्य कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी टिकरापारा, रायपुर. 9754178006.(आरो-910)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। कंप्यूटर जानकर graduated वेतन योग्यता अनुसार संपर्क द बैंगल स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर 93028-22500.(आरो-280)

ऑफिस बॉय/प्यून

आवश्यकता है- ऑफिस बॉय प्यून जिसे साफ- सफाई, माल लोड अनलोड करना, किचन कार्य/चाय बनाना एवं वाहन 04 व्हीलर चलाना आता हो संपर्क करें। संपर्क कर्ता मोबाइल :- 9301512896.(आरो-884)

क्लासीफाईड

इलेक्ट्रिशियन

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने के लिए अनुभवी इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है शीघ्र संपर्क करें। नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर मोबाइल :- 70241-77554, 81207-47449.(आरो-885)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों नं. - 74699-80000, 0771-4075490.(आरो-883)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मिठाई कारीगर एवं भेल, सैंडविच, शेक कारीगर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं. रहने की सुविधा उपलब्ध। संपर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर. मोबाइल: 9893397633.(RO-16576)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- उषा होम एप्लायन्सेस में सर्विस टेक्नीशियन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- न्यू राजेन्द्र नगर पवन विहार कॉलोनी रायपुर 9755960687. (आरो-41402)

हरिभूमि

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता वेतन -12000 + इंसेंटिव ऑफिस का पता - शंकर नगर, चौपाटी हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, 414,415 चौथी मंजिल, रायपुर ( मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक ) 9098334681, 7869745488. (आरो-meeth)

सुपरवाइजर/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- सुपरवाइजर एवं पैकिंग कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। पता अशोक इंटरप्राइजेस आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 7:00 मोबाइल 8770676924. (आरो-281)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायन इंटरनेशनल स्कूल (रहेजा अपार्टमेंट के पास, अवन्ति विहार, रायपुर) में सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है. 12-घंटे ड्यूटी, वेतन- 12000/- मासिक। संपर्क- मोबाइल: 7828090392, 8319204585. (आरो-sumeet)

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - निशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष- विचार, देखाइया "बईगा" चमत्कारी काली माई की शक्ति से आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, साब्बो समस्या के समाधान बर एक बेर जरूर मिलव मों:- 8461886239.(आरो- 886)

Property प्रापर्टी

प्लाट

बेचना है- रायपुर - आई. ए. एस. कॉलोनी, धरमपुरा स्थित प्लॉट नंबर 194, 4454 वर्गफुट आवासीय फ्रीहोल्ड भूमि पूर्व एवं पश्चिम मुखी बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। 9301004560.(आरो-887)

प्लॉट बेचना है - भाठागांव भर्री खार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में डायवर्सन प्लाट 600 फिट बेचना है लम्बाई 30 फ्रन्ट 20 फिट रेट 1500 प्रतिवर्ग फुट संपर्क मों. :- 9754685471, 8823780696.पता परशु राम नगर रायपुर (छ.ग.) (RO-882)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# ई-20 पेट्रोल के कुप्रभाव से सोशल मीडिया में मचा है हाहाकार केंद्र ने कहा- ईंधन पूरी तरह सुरक्षित, वायरल दावा फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस दावे को फर्जी करार दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वाहन के फ्यूल टैंक में परतें बना देता है या उससे टैंक एवं इंजन को नुकसान पहुंच सकता है। सरकार ने इसे भ्रामक और फर्जी सूचना करार देते हुए लोगों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लेने की अपील की है।

सरकार की ओर से जारी स्पष्टीकरण में बताया गया कि प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक इकाई ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वायरल तस्वीर और उससे जुड़े दावों की जांच की, जिसमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वाहन के फ्यूल टैंक में अलग-अलग परतों में बंट जाता है और इससे वाहन को नुकसान हो सकता है। फैक्ट चेक में यह दावा पूरी तरह असत्य पाया गया।




## ई-20 कार्यक्रम क्यों महत्वपूर्ण

केंद्र सरकार देश में कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय बढ़ाने, गन्ने एवं अन्य जैव ईंधन आधारित फसलों को बढ़ावा देने तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। इसी नीति के तहत चरणबद्ध तरीके से ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति बढ़ाई गई है। हालांकि इस नीति को लेकर सार्वजनिक और राजनीतिक स्तर पर बहस जारी है, लेकिन सरकार का कहना है कि निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार ई 20 ईंधन सुरक्षित है और इसके संबंध में फैलाए जा रहे भ्रामक दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

## सरकार ने पहले भी किया है कई दावों का खंडन

हाल के सप्ताहों में ई 20 पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की भ्रामक सूचनाएं प्रसारित हुई हैं। इनमें यह दावा भी शामिल था कि ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से मोटर बीमा (इंश्योरेंस) अमान्य हो जाएगा। सरकार ने ऐसे दावों का भी खंडन करते हुए स्पष्ट किया था कि केवल ई 20 ईंधन के उपयोग से वाहन बीमा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने क्या कहा

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा E20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है। मंत्रालय के अनुसार इथेनॉल और पेट्रोल आपस में पूरी तरह घुलनशील हैं और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार ईंधन में दोनों अलग नहीं होते तथा किसी प्रकार की परत नहीं बनती। ईंधन बाजार में उपलब्ध कराने से पहले उसकी कठोर गुणवत्ता जांच और परीक्षण किए जाते हैं।

# फ्लिपकार्ट डिलीवरी एजेंट ने घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

■ बेंगलुरु की घटना

बेंगलुरु की एक महिला ने फ्लिपकार्ट डिलीवरी एजेंट पर जबरदस्ती घर में घुसने और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो साझा कर बताया कि पार्सल लेकर आए एजेंट ने महिला से शौचालय इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। महिला के बार-बार मना करने के बावजूद एजेंट घर में घुस गया और महिला की तरफ अश्लील इशारे किए। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विजय मल्लिकार्जुन कामत के रूप में हुई है।

## आरोपी गिरफ्तार कंपनी ने निकाला

घटना की जानकारी मिलने पर मराठाहल्ली पुलिस ने महिला से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर डिलीवरी एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, घटना के बाद फ्लिपकार्ट ने डिलीवरी एजेंट को बर्खास्त कर दिया और कहा कि वह महिला का पूरा समर्थन करता है।

# जैकेट के शेष

## छग पुलिस के ....

गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार सौरभ को ओमान से भारत लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि इस संबंध में भी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

## पहले भी गिरफ्तारी ....

सौरभ चंद्राकर और उसका साथी रवि उप्पल के दुबई से दूसरे देश भागने की खबर भी आईं थीं। साथ ही यह भी कहा गया था कि दोनों ने गिरफ्तारी के डर से प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानुआतु की नागरिकता और पासपोर्ट हासिल कर लिए थे, ताकि भारतीय एजेंसियों से बचा जा सके।

## आज से विधानसभा का ....

कानून-व्यवस्था को लेकर होने की संभावना है। विपक्ष के पास कई ऐसे मुद्दे हैं, जिस पर सवाल उठाए गए हैं। सत्र के पहले दिन पंडवानी गायिका तीजन बाई को श्रद्धांजलि दी जाएगी। विधानसभा सत्र में पहले दिन प्रश्नोत्तरी में राजस्व, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, खनिज, सिचाई और वन विभाग के सवालों का मंत्री जवाब देंगे। बताया गया है कि विपक्ष पहले दिन से ही सरकार को घेरने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से मामले उठाने का प्रयास करेगा।

## बस को रोककर ....

सागर ने साइड नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी गाड़ी यत्रियों से भरी बस के सामने अड़ा दी। इसके बाद उन्होंने बस चालक के साथ गाली-गलौज की।

## नक्सली डंप से 16 ....

बिस्कुट कीमत 16 लाख, 2 लाख नकद कुल 18 लाख बरामद किया गया। इसके अलावा इंसास राइफल 1, इंसास मैग्जीन 16, एके-47 मैग्जीन 4, एके-47 राउंड 68, एसएलआर मैग्जीन 23, एसएलआर राउण्ड 34, 12 बोर बंदूक 5, 12 बोर राउण्ड 7, बीजीएल लांचर 3, बीजीएल सेल 1, कार्बाइन मैग्जीन 2 , 303 राउण्ड 8, 303 चार्जर 45, 8 एमएम राउण्ड 6, भरमार बंदूक 10, रिवाल्वर 1, एयरगन 1 मिला है। **भटके हुए माओवादियों से अपील :** दंतेवाड़ा पुलिस ने भटके हुए माओवादियों से अपील की है कि नक्सली विचारधारा त्याग कर अपने क्षेत्र और ग्राम के विकास में भाग लें और अपने परिवार के साथ मुख्यधारा में जुड़कर शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करें। वहीं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों तथा ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बहाल करने में योगदान दें।

## मैं आत्महत्या कर ....

कुरैशी ने अपनी आगामी पुस्तक 'इंडिया एंड आई: ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर' में किया है। अपनी किताब में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने मनमोहन सिंह को ऐसे नेता के रूप में याद किया है, जिनके लिए संवैधानिक मर्यादा केवल भाषणों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह उनके आचरण और सोच का अभिन्न हिस्सा थी। कुरैशी के मुताबिक, जनवरी 2012 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हो रहा था। उस समय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने एक चुनावी रैली में वादा किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया जाएगा। 'हैचेट इंडिया' द्वारा प्रकाशित और जल्द बाजार में आने वाली पुस्तक में कुरैशी लिखते हैं, भारतीय जनता पार्टी ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए तुरंत चुनाव आयोग में शिकायत की कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी नयी योजना की घोषणा नहीं की जा सकती। उन्होंने लिखा, हमने चार दिन तक सुनवाई की। कांग्रेस की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा की ओर से अरुण जेटली ने पक्ष रखा। दो प्रखर कानूनी विद्वान इस पेचीदा सवाल पर तर्कों की धार आजमा रहे थे कि आखिर चुनावी वादे और मतदाताओं को प्रलोभन देने के बीच की लकीर कहां खींची जाए। आखिरकार निर्वाचन आयोग ने खुर्शीद की निंदा की। कुरैशी के अनुसार, आदर्श आचार संहिता के तहत आयोग के पास उपलब्ध यह सबसे कड़ी कार्रवाई थी। जुलाई 2010 से जून 2012 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे कुरैशी बताते हैं कि आयोग की कार्रवाई से खुर्शीद स्पष्ट रूप से नाराज थे। इसके बाद कांग्रेस के भीतर से आवाजें उठने लगीं कि निर्वाचन आयोग 'अहंकारी' या 'मनमाना' हो गया है। **2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री रहे मनमोहन :** डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें शांत, संयमित तथा संस्थाओं का सम्मान करने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। वहीं एसवाई कुरैशी जुलाई 2010 से जून 2012 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उनके कार्यकाल में बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर समेत कई बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हुए।

## क्या है पूरा विवाद?...

इसके बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं और मंत्रियों ने चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए उसके फैसले पर सवाल उठाए। यही बयानबाजी चुनाव आयोग और सरकार के बीच तनाव की वजह बनी। कुरैशी का दावा है कि प्रधानमंत्री ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और बाद में मंत्रियों तक अपना सख्त संदेश पहुंचाया, जिसके बाद चुनाव आयोग के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी बंद हो गई।

# राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# पेज एक के शेष

## दशकों से डूब रहा है फिंगेश्वरी ...

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई राहगीर तेज बहाव के दौरान पुल पार करते समय पानी में बह चुके हैं। हर वर्ष बरसात में यही स्थिति बनने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फिंगेश्वरी नाले पर बने पुल की ऊंचाई बढ़ाकर नया एवं सुरक्षित पुल बनाया जाए, ताकि बरसात में भी निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

## सूखे में सुखी, बारिश में...

के राजापड़ाव गौरगांव इलाके में पुल पुलिया के अभाव में 48 ग्राम पारा-टोला के लोगों की जिंदगी बारिश के दिनों में हथेली पर रहती है। हजारों ग्रामीण जान जोखिम मे डालकर आना जाना करने मजबूर होते हैं। शोभा नदी और बाघ नदी में बाढ़ के कारण यह सिथिति पैदा होती है। कई बार पुल पुलिया की मांग की जा चुकी है। और तो और धरना प्रदर्शन आंदोलन चक्काजाम तक किया जा चुका है।

## सड़क बन रही है पर दो ...

तरह बाधित हो जाता है। इस मार्ग से संडी, मोहरा, भालूकोना सहित आसपास के कई गांवों के लोग तिल्दा और अन्य शहरों तक आवागमन करते हैं। किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों के लिए यह सड़क जीवनरेखा के समान है, लेकिन बारिश के दिनों में तेज बहाव के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर रपटा पार करना पड़ता है। हाल ही में हुई बारिश के बाद दोनों रपटों पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया था। स्थिति ऐसी बन गई थी कि दोपहिया वाहन चालकों को काफी मशक्कत के बाद रपटा पार करना पड़ा। वहीं कई लोगों को पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा।

## बरसों से मिल रहा...

क्षेत्रवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, ऐसे में पुल निर्माण को नजरअंदाज करना समझ से परे है। सड़क निर्माण के साथ पुल पुलियों का निर्माण पहले होना चाहिए था।

## तीन दिन में ईरान पर...

और अन्य केंद्र शामिल थे। सेंटकॉम ने बताया कि इन हमलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजरने वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने की ईरान की क्षमता को लगातार कमजोर किया है। फारस की खाड़ी में नई झड़पें तब हुई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर एक अंतरिम समझौता 'खत्म' हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईरान ने गलत विकल्प चुना।

## क्या था पूरा मामला...

कब्जे में रख ली। अगले दिन छात्रा के पिता को घटना की जानकारी मिली। वे दुकान पहुंचे और स्कूटी वापस लेने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान 50 हजार रुपए की मांग की गई। इसी दिन घर लौटने पर छात्रा ने रसोई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## छात्र को रांग साइड जाकर नाबालिग...

स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर कार नाबालिग कार चालक दोस्तों के साथ गाड़ी छोड़कर भाग गया। डायल 112 से घायल छात्र को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक नाबालिग के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है, कार मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, मूलतः गौरेला पेंड्रा निवासी मुकेश कुमार शर्मा पिता स्व. ऋषि प्रसाद शर्मा 52 साल जांजगीर जिले में आबकारी विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वे अपने परिवार के साथ मंगला अभिषेक विहार में किराए के मकान में रहते हैं। श्री शर्मा शासकीय छुट्टी होने पर मंगला अपने घर आए हुए थे। 12 जुलाई की सुबह 7.30 बजे उनका बेटा रूद्र प्रताप शर्मा 19 साल अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएच, 7752 से नेहरू चौक की ओर से कोचिंग क्लास जा रहे थे। वेयर हाउस रोड संजीवनी हास्पिटल मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार में खतरनाक ढंग से चलाते हुए आ रहे किया कार क्रमांक एमपी 18 एस, 0114 के नाबालिग चालक ने रांग साइड जाकर स्कूटी सवार छात्र को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में छात्र के दोनों पैर, सिर, सीना, हाथ में गंभीर चोट आई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल अपोलो हास्पिटल रिफर कर दिया गया। परिजन छात्र को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**वेयर हाउस रोड पर है ब्लैक स्पाट :** वेयर हाउस रोड पर पुराने संजीवनी हास्पिटल के पास एक मोड़ है और इसके आगे ढलान है, मुंगेली नाका की ओर से आने वाले वाहन चालकों को यहां रायपुर रोड से टर्न होकर जाने वाले वाहन एकाएक दिखाई नहीं देते, मुंगेली नाका की ओर से जो वाहन धीमी गति से आते हैं, उन्हें ढलान की ओर से जा रहे वाहन दिख जाते हैं, लेकिन गति तेज होने पर मोड़ पर गाड़ी आसानी से नियंत्रित नहीं होती। यह स्थान एक तरह से ब्लैक स्पाट है। इस मोड़ पर अक्सर छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। यातायात पुलिस ने इस स्थान की कोई पहचान नहीं की है, साथ ही मुंगेली नाका की ओर से आने वाले वाहनों की गति कम हो, इसके कोई उपाय भी नहीं किए गए हैं।

## ईपीएफओ ने शुरू ...

कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। योजना के तहत राहत पाने के लिए यह भी आवश्यक होगा कि संबंधित ट्रस्ट ने अपने सदस्यों के खातों में ईपीएफओ द्वारा निर्धारित वैधानिक ब्याज दर के बराबर या उससे अधिक ब्याज तथा नियमानुसार अंशदान जमा किया हो। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल से छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी, भविष्य निधि लाभों का प्रशासन अधिक सुव्यवस्थित होगा और संपूर्ण व्यवस्था कानूनी रूप से अधिक मजबूत बनेगी। इससे नियोक्ताओं और कर्मचारियों, दोनों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।


## कार्यालय, प्राचार्य, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कुम्हाररास, सुकमा-2, जिला- सुकमा, छत्तीसगढ़

F.No. Tender File/JNVSKM/2026-27/249 **निविदा अधिसूचना** Date- 11.07.2026

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास, सुकमा-2 हेतु विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति जैसे 1. नॉनवेज/अंडा 2. टक शॉप, 3. हेयर कटिंग, 4. धुलाई-प्रेस, इत्यादि पर संलग्न करने के लिए आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र/दस्तावेज ₹100/- प्रति सेट के हिसाब से विद्यालय के कार्यालय से 13.07.2026 से 26.06.2026 अपराह्न 02.00 बजे तक विद्यालय के नियत तिथि के भीतर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा विद्यालय के वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/SUKMA-2/en/home/ से निविदा फार्म डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं एवं अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य, ज.न.वि. सुकमा-2, छत्तीसगढ़ के पक्ष में एवं सुकमा में देय हो) प्राचार्य ज.न.वि. कुम्हाररास, सुकमा-2 के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 26.07.2026 अपराह्न 04.00 बजे तक होगी। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती हैं। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाएं विद्यालय द्वारा दिनांक 27.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे क्रय सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जाएंगी। निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित है।

**निविदा फार्म जमा करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों को सम्मिलित करना अनिवार्य है-**
**1.** अर्नेस्ट मनी/जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट **2.**फर्म/संस्था/मालिक के बैंक खाते का एक निरस्त चेक। **3.** निविदादाता द्वारा 100/- सौ रूपये के नान जुडीसियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित अनुबंध / घोषणा पत्र हस्ताक्षरित कर संलग्न करना होगा। **4.**पैन कार्ड और आधार कार्ड की छाया प्रति, **5.** निविदा प्रपत्र प्राप्ति की रसीद (CS-12) या रू 100/- का डिमांड ड्राफ्ट (जो कि प्राचार्य, ज.न.वि. सुकमा-2, छत्तीसगढ़ के पक्ष में एवं सुकमा में देय हो जो दिनांक 13.07.2026 से 26.07.2026 तक निर्गत हो) जमा करना होगा। **6.** टेंडर फॉर्म में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एवं छेड़छाड़ करने पर उसे निरस्त माना जाएगा।नियम और शर्तों में अंकित बिन्दुओं के आधार पर निविदा फॉर्म भरें। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. | मद का नाम | जमानत राशि | डिमांड ड्राफ्ट निर्गत तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | नॉनवेज/अंडा | 10000 | दिनांक 15.06.2026 से 26.07.2026 तक |
| 02 | टक शॉप | 5000 | |
| 03 | हेयर कटिंग | शून्य | |
| 04 | धुलाई-प्रेस | शून्य | |

प्राचार्य
पीएम श्री ज.न.वि. सुकमा-2, जिला- सुकमा, छत्तीसगढ़

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक 650/ नि.आ.सू. / न.पा.परि./ 2026-27 **ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)** दन्तेवाड़ा, दिनांक : 10/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम ई-टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 195134 | वार्ड क्र. 03 में 04 नग पुलिया निर्माण कार्य (कांजी हाउस के पास हरि राम के घर के पास, मरकाम के घर के पास एवं पिल्ले के घर के पास ) | 5.02 | 25.07.2026 |
| 195188 | वार्ड क्र. 06 में ललित ठाकुर के घर के पास सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र.07 में पानी टंकी से जीत पटेल के घर तक हयूम पाईप नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र.07 में आदिवासी भवन से टेकनार मेन रोड़ तक हयूम पाईप नाली निर्माण कार्य | 11.067 | |
| 195189 | वार्ड क्र. 13 में दुर्गा मंच के पिछे ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 13 में अक्षय जोध के घर के पिछे से वर्मा के घर तक पुलिया एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 13 में विनय नाग के घर से मेन रोड तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 7.98 | |
| 195198 | वार्ड क्र 14 दन्तेश्वरी लेब से सुदरू राम भास्कर घर तक सी सी रोड रिपेरिंग कार्य एवं वार्ड क्र 14 सत्यवान घर से रामकिशोर घर तक 35 सी सी रोड रिपेरिंग कार्य एवं वार्ड क्र 14 समीर दास के घर से शनि मंदिर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य | 6.55 | |
| 1952025 | वार्ड क्र. 15 में निजामुद्दीन ( चिन्नाराव ) के घर से बंजारा के घर तक हयूम पाईप नाली निर्माण कार्य | 26.77 | |
| 195210 | वार्ड क्र. 15 में देवीलाल के घर से अमीत देवांगन के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 15 में महापात्र के घर से मेन रोड़ तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 6.00 | |
| 195245 | वार्ड क्र. 13 में दुर्गा मंच से कम्यूनितिट भवन तक बी.टी.सड़क जीर्णोद्धार कार्य | 3.00 | |

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## Government of Maharashtra
## Public Works Department
### Executive Engineer, Public Works Divison, Jalgaon Dist. Jalgaon
email- jalgaon.ee@mahapwd.com

**E-Tender Notice No. 10 For 2026-2027 (Recall)**

Online Tenders (e-tender) of Works Sr.No. 1 in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, P.W. Division, Jalgaon (Phone No. 0257-2227343 ) for and behalf of Government of Maharashtra, Electronic Tender Management System. http://mahatenders.gov.in from Registered P.W.D. Contractor / Eligible Contractor who fulfil the Terms and Conditions of Tender. The rights are reserve to reject all or any tender by Superintending Engineer / Executive Engineer. Conditional Tenders are not acceptable.

The details can be viewed and downloaded online from dated 13/07/2026 to 21/07/2026 at 17.00 Hours directly from the Government of Maharashtra e-tendering Portal http://mahatenders.gov.in. Last date of tender submission is 21/07/2026 at 17.00 Hours.

This detailed tender notice for 01 (ONE) Road/Bridge/Building Works are also available on portal www.mahapwd.com and on Notice Board in the office of Executive Engineer, Public Works Division, Jalgaon Dist. Jalgaon.

(R.D. Patil)
Executive Engineer,
Public Works Division, Jalgaon

आरओसी-2026-27/क्र.-5/C1640

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मण्डल शहडोल
कार्यालय पता - तहसील आफिस के बगल में तह. सोहागपुर जिला शहडोल, दूरभाष 07652-240784 ई - seressd18@gmail.com

क्रमांक/530/ई-निविदा/ग्रायांसेवा /2026 शहडोल दिनांक 08/07/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2026-27**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनूपपुर / शहडोल / उमरिया के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीय कृत ई पंजीयन व्यवस्था अन्तर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो एवं तीन लिफाफा पद्धति अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र अपेडिक्स तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एसओआर जो कि निम्नलिखित कॉलम क्र. 12 में दर्शित है, के 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है आमंत्रित https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है । निविदा में संशोधन की स्थिति में निविदा शासन के पोर्टल वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है- (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियॉ ऑनलाइन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेंडर आईडी नंबर | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC रू. रूपय में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत ) | आमंत्रण का क्रम | ग्रायॉसे में लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | अनूपपुर | 2026 RES 520087 | कार्यालय भवन निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनूपपुर विद्युतीकरण सहित | जैतहरी | 4704000 | 50000 | 5000 | 270 दिन | केंद्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 2 | शहडोल | 2026 RES 520089 | विचारपुर में मुख्यमार्ग से ज्ञानोदय स्कूल परिसर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य, ग्रा.पं. कल्याणपुर | सोहागपुर | 11747000 | 117470 | 12500 | 270 दिन | केंद्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 3 | उमरिया | 2026 RES 520090 | जिला पंचायत में स्वसहायता समूहों के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण एवं जीविकोपार्जन केन्द्र निर्माण विद्युतीकरण सहित | करकेली | 10005000 | 100050 | 12500 | 270 दिन | केंद्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 4 | उमरिया | 2026 RES 520091 | रपटा कम स्टाप डेम निर्माण (कथली नदी) में ग्राम पंचायत बयसपुर | मानपुर | 12573000 | 125730 | 12500 | 270 दिन | केंद्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |


**टीप- सरल क्रं. 02, 03 एवं 04 के निर्माण कार्यों हेतु 03 लिफाफा पद्धति लागू होगा ।**

**1- निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-**
(1) Date of Publishing of Tender - 20.07.2026 (11.00 AM)
(2) Document Download/Sales Start Date - 21.07.2026 (11.00 AM)
(3) Document Download/Sales End Date - 27.07.2026 (05.30 PM)
(4) Technical Bid Submission End Date - 27.07.2026 (05.30 PM)
(5) Bid Opening Date - 29.07.2026 (11.00 AM)

G-15547/26

(आर.एल.शर्मा)
अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
शहडोल मण्डल शहडोल (म.प्र.)


## शब्द पहेली - 6285



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5


**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6284 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6295


★★★★☆ कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक को दोहराया न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 6294 का हल**



## खबर संक्षेप



### एल्युमिनियम स्क्रैप पर लगा आयात शुल्क हटाने की मांग

नई दिल्ली। पुनर्चक्रण उद्योग ने सरकार से एल्युमिनियम कबाड़ यानी स्क्रैप पर लगने वाले 2.5 प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने की मांग की है। मटेरियल रीसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने कहा कि शुल्क हटाने से पुनर्चक्रण और एल्युमिनियम आधारित विनिर्माण उद्योग की लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा वे वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। एमआरएआई ने कहा है कि औद्योगिक मांग को पूरा करने के लिए देश आयातित एल्युमिनियम स्क्रैप पर निर्भर बना हुआ है।

### सेल इंडोनेशिया में स्टील के लिए संभावना तलाशेगी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाटउ स्टील प्रस्तावित संयुक्त उद्यम के तहत पांच लाख से 10 लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं। दोनों कंपनियों ने संयुक्त उद्यम की स्थापना के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि सेल और इंडोनेशिया की कंपनी पांच लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाशेंगी।

### डीएलएफ के चेयरमैन का वेतन 20 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड के चेयरमैन राजीव सिंह का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 44.06 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशक/केएमपी (मुख्य प्रबंधकीय कर्मियों) को दिए गए वेतन की सूची के अनुसार, डीएलएफ के चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक को वित्त वर्ष में 44.06 करोड़ रुपये वेतन मिला है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 36.65 करोड़ रुपये थी।

### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता हुई पूरी



नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 10 जुलाई को ओटावा में पूरी हो गई है। दोनों देशों ने इस समझौते पर 2026 के भीतर बातचीत पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। माल एवं सेवाओं का व्यापार, बौद्धिक संपदा, मूल स्थान के नियम, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता संबंधी उपाय तथा व्यापार में तकनीकी बाधाएं आदि मुद्दों पर पांच दिन तक बातचीत हुई।

### गोयल इस सप्ताह स्पेन और बेल्जियम जाएंगे



नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

# अब नहीं बनेंगी आपकी एआई तस्वीरें! मेटा ने विवादित 'म्यूज इमेज' फीचर हटाया

## मेटा ने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक एआई फीचर लांच किया था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


मेटा ने आठ जुलाई 2026 को इंस्टाग्राम के लिए म्यूज इमेज नाम का एक एआई फीचर लांच किया था। जिसका उद्देश्य क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। इसकी मदद से कोई भी यूजर किसी पब्लिक इंस्टाग्राम अकाउंट का नाम लिखकर उसकी तस्वीरों से नई एआई इमेज तैयार कर सकता था।

इसके लिए यूजर को केवल प्रॉम्प्ट में उस अकाउंट का नाम यानी यूजरनेम लिखना होता था, और एआई उस प्रोफाइल की तस्वीरों के आधार पर एक बिल्कुल नया डिजिटल रूप तैयार कर देता। दुनियाभर में इस फीचर का विरोध किया गया, क्योंकि लोगों की प्राइवेसी के लिए खतरा था। मेटा ने फीचर का बचाव करने की कोशिश की। मेटा ने क्या कहा जब विवाद बढ़ने लगा, तो मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि म्यूज इमेज फीचर को बंद कर दिया गया है। कंपनी के मुताबिक, इस टूल का उद्देश्य यूजर्स को एक नया क्रिएटिव एआई अनुभव देना था, लेकिन संभावित गलत इस्तेमाल और मिले फीडबैक को देखते हुए इसे हटाने का फैसला लिया गया।

अब अगर कोई यूजर मेटा एआई में किसी इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग करके एआई इमेज बनाने की कोशिश करेगा, तो चैटबॉट ऐसा करने से इंकार कर देगा।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

फीचर लांच होते ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स का कहना था कि उनकी परमिशन के बिना तस्वीरों को एआई मॉडल में इस्तेमाल करना प्राइवेसी के खिलाफ है। कई लोगों ने आशंका जताई कि इस फीचर का इस्तेमाल करके किसी की फर्जी एआई इमेज बनाई जा सकती है, जिससे पहचान के दुरुपयोग और डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा बढ़ सकता है। यानी की इससे डीपफेक जैसे मामले भी बढ़ सकते हैं।




### हॉलीवुड से भी उठा विरोध

इस फीचर से केवल आम यूजर्स को ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिग्गजों को भी समस्या थी। मशहूर टैलेंट एजेंसी सीएए, जो टॉम क्रूज और जेंडाया जैसे कलाकारों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी इस फीचर पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि किसी व्यक्ति की तस्वीरों का एआई के लिए उपयोग उसकी स्पष्ट सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।

## सीआरईए ने कहा, पिछले माह से 34 फीसदी अधिक आयात

# भारत ने जून में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने इस साल जून में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है और यह इससे पिछले महीने की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण रूस की तेल निर्यात से होने वाली आय में कमी दर्ज की गई।

- कीमतों में नरमी के कारण तेल निर्यात से आय में कमी दर्ज

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा, जो रूस से उसके कुल 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन आयात का 83 प्रतिशत बैठता।

**खास बातें**

- जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा



### ब्रिटिश सरकार के विशेष प्रावधान से आयात हुआ संभव

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद जून में भारतीय रिफाइनरियों से भेजी गई ऐसी दो खेप यूरोपीय बंदरगाहों पर उतारी गईं। इसके अलावा, ब्रिटेन ने भी जून में जामनगर रिफाइनरी से रूसी कच्चे तेल से तैयार जेट ईंधन की पहली खेप प्राप्त की। ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए विशेष प्रावधान के तहत यह आयात संभव हुआ।

### रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में बढ़ी

इस तरह भारत चीन के बाद रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। भारत के कुल कच्चे तेल आयात में जून के दौरान मासिक आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।

### रिलायंस की रिफाइनरी से तेल की आपूर्ति

रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूस से तेल की आपूर्ति मई की तुलना में 150 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी में 126 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 83 प्रतिशत और नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 45 प्रतिशत बढ़ी।

### भारत की निर्यात मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ी

सीआरईए के अनुसार, भारत की बढ़ी हुई खरीदारी से जून में रूस के कच्चे तेल के निर्यात की मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बावजूद कम कीमतों के कारण रूस की कच्चे तेल से दैनिक निर्यात आय आठ प्रतिशत घटकर 34.8 करोड़ यूरो प्रतिदिन रह गई। कुल मिलाकर रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात की दैनिक आय एक प्रतिशत घटकर 73.4 करोड़ यूरो रह गई, जबकि निर्यात मात्रा सात प्रतिशत बढ़ी।

### भारत वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

रिपोर्ट कहती है कि जून में भारत द्वारा रूस से आयात किए गए 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन में 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल, 48.8 करोड़ यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद और 44.4 करोड़ यूरो का कोयला शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, रूस के कच्चे तेल से तैयार किए गए परिष्कृत ईंधन के वैश्विक व्यापार में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

### 81.4 करोड़ यूरो मूल्य का उत्पाद निर्यात

जून में भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया की रिफाइनरियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों—यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-को 81.4 करोड़ यूरो मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया। इनमें से लगभग 36.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

# खाड़ी में तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया।

- कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा।

### हर उछाल पर निवेशकों की मुनाफावसूली

*मेर ने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।*

# एयरटेल 10 साल में 3.3 लाख करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि कंपनी ने पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अब वृद्धि के अगले चरण के लिए वित्तीय सेवाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रहा है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने नए विकास क्षेत्रों को तैयार करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से कंपनी को मजबूत परिणाम मिले हैं और अब उसे वित्तीय सेवाएं, डेटा केंद्र और एयरटेल क्लाउड क्षेत्र में आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। चेयरमैन ने कहा कि भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयरटेल मनी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। वहीं, कंपनी की डेटा सेंटर इकाई नेक्स्ट्रा ने एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता विकसित करने की योजना के

- वित्तीय सेवाओं डेटा सेंटर और क्लाउड पर लगाएगी दांव

### एक गीगावाट क्षमता तैयार की जाएगी

मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी को आने वाले वर्षों में पर्याप्त पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण, क्लाउड सेवाओं के बढ़ते उपयोग और डेटा को देश में ही रखने की जरूरतों के कारण नेक्स्ट्रा अगले कुछ वर्षों में एक गीगावाट क्षमता तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

तहत हाल में एक अरब डॉलर (करीब 9,500 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। मित्तल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एयरटेल मनी को गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, "यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत में वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में भी अहम कदम है।"

# ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप नए मॉडल लाएगी होंडा मोटर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर भारत के दोपहिया वाहन बाजार की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशान्वित है। कंपनी का मानना है कि व्यक्तिगत परिवहन की बढ़ती जरूरत, कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रीमियम वाहनों की बढ़ती मांग आने वाले वर्षों में उद्योग की वृद्धि को गति देती रहेगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नए उत्पाद बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दूसरी छमाही में त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे। ओतानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय दोपहिया उद्योग ने ग्रामीण मांग में सुधार, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती बिक्री, निर्यात में मजबूती और सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण शानदार प्रदर्शन किया।

- भारत के दोपहिया वाहन बाजार को लेकर आशान्वित है कंपनी

# तिमाही नतीजों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

- भू-राजनीतिक स्थिति, कच्चे तेल की कीमतें डालेंगी प्रभाव

### मुद्रास्फीति का आंकड़ा होगा आज जारी

मीणा ने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रही

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई।




# चार माह की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशक लौटे

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।

## हिन्दुस्तान लीवर और डाबर में कर्मचारियों की संख्या घटी

# बीते वित्त वर्ष एफएमसीजी में कर्मियों की संख्या घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की प्रमुख रोजगार के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या में बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मिला-जुला रुख देखने को मिलता है। इन कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। बीते वित्त वर्ष में जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और डाबर इंडिया ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटाई, वहीं नेस्ले इंडिया, मैरिको और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने अपने कार्यबल का विस्तार किया। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में इन कंपनियों में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 6.08 प्रतिशत से 12.1 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

- टीसीपीएल में वेतनवृद्धि सबसे अधिक रही



### एचयूएल में स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटी

सबसे अधिक 12.1 प्रतिशत की वृद्धि टीसीपीएल ने की, जबकि एचयूएल में यह वृद्धि सबसे कम 6.08 प्रतिशत रही। एचयूएल के स्थायी कर्मचारियों की संख्या 31 मार्च, 2026 तक घटकर 5,898 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,604 थी। यानी कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या में 700 से अधिक की कमी आई।

### डाबर ने कर्मचारियों के औसत वेतन में वृद्धि की

घरेलू एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया के स्थायी कर्मचारियों की संख्या भी घटकर 4,770 रह गई, जो पिछले वर्ष 5,343 थी। इसके बावजूद कंपनी ने कर्मचारियों के औसत वेतन में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि छह प्रतिशत थी।

### एफएमसीजी स्वचालन पर अधिक निवेश कर रही

विशेषज्ञों का कहना है कि एफएमसीजी कंपनियां अब विनिर्माण, गोदाम, आपूर्ति श्रृंखला और बैक-ऑफिस संचालन में स्वचालन (ऑटोमेशन) पर अधिक निवेश कर रही हैं। डिजिटल उपकरण, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित विश्लेषण, स्वचालित पैकेजिंग लाइन और एकीकृत ईआरपी प्रणालियों के इस्तेमाल से कंपनियां कम कर्मचारियों के साथ अधिक उत्पादन और वितरण करने में सक्षम हो रही हैं।

### नेस्ले में मामूली कर्मचारी बढ़े

नेस्ले इंडिया में कुल कर्मचारियों की संख्या मामूली बढ़कर 8,680 हो गई, जबकि स्थायी कर्मचारियों की संख्या 8,419 से घटकर 8,382 रह गई। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में औसतन 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी ओर, मैरिको और टीसीपीएल ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई।

## बिजनेस साइट

# बारिश में सड़क किनारे का स्वाद पड़ सकता है भारीः डॉ. प्रजापति



रायपुर। मानसून के मौसम में गर्मी से राहत के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में इट्सा हॉस्पिटल, रायपुर ने लोगों से खानपान और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। अस्पताल के संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल प्रजापति ने कहा कि बारिश के दौरान दूषित भोजन और असुरक्षित पानी के सेवन से टायफॉयड, फूड पॉइजनिंग, हेपेटाइटिस-ए, गैस्ट्रोएंटेराइटिस और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं तेजी से बढ़ती हैं। डॉ. राहुल प्रजापति ने बताया कि मानसून में अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में एक समान कारण सामने आता है। उन्होंने कहा, हाल ही में सड़क किनारे मिलने वाले खाद्य पदार्थ या असुरक्षित पानी से बने पेय पदार्थों का सेवन किया होता है। उनके अनुसार समस्या स्ट्रीट फूड नहीं, बल्कि बारिश के मौसम में बढ़ने वाला संक्रमण है। नालियों का ओवरफ्लो, रुका हुआ पानी, बढ़ी नमी और साफ-सफाई की कमी बैक्टीरिया एवं वायरस के प्रसार को बढ़ावा देती है। डॉ. प्रजापति ने बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करने की भी सलाह दी।

# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना, स्विट्जरलैंड लौटी घर

**अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था, जिनका सोचा जा रहा था।**

एजेंसी ▶▶| कंसास सिटी

विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जाएंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था, जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है।

दूसरे हाफ में स्विस टीम ने लगातार हमले बोले और रिकार्डो रौड्रिगेज के पास पर एनडोये ने बराबरी का गोल दाग दिया। इसके कुछ देर बाद ही हालांकि एम्बोलो को रेडकार्ड मिला। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय तक गया।



जूलियन अल्वारेज

## एम्बोलो को रेडकार्ड से आगबबूला स्विटजरलैंड टीम



स्विजटरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे हाफ में वीडियो रिव्यू के बाद रेडकार्ड दिखाए जाने के फैसले पर विवाद हो गया है और यह तो तय है कि इससे पूरे टूर्नामेंट में रैफरियों की ओर से अर्जेंटीना का पक्ष लिए जाने की आलोचना करने वाले और मुखर हो जाएंगे।स्विटजरलैंड के लिए डैन एनडोये ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा । इसके बाद अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस को एम्बोलो से टकराने के कारण येलो कार्ड दिखाया गया लेकिन वीडियो रिव्यू में नजर आया कि पेरेडेस से टकराने से पहले ही एम्बोलो गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले येलो कार्ड मिल चुका था, जिसकी वजह से उन्हें रेडकार्ड दिया गया। मैच 1-1 से बराबर होने के बाद स्विटजरलैंड को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।

## लगातार गोल का मेस्सी का सिलसिला टूटा

विश्व कप में लगातार गोल का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला आखिरकार स्विटजरलैंड के खिलाफ टूट गया लेकिन अर्जेंटीना को स्विटजरलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। इस विश्व कप में फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे के साथ सर्वाधिक आठ गोल कर चुके मेस्सी ने दसवें मिनट में कॉर्नर किक हासिल की और अपने कलात्मक खेल से बॉक्स के भीतर एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गेंद सौंपी, जिन्होंने अर्जेंटीना को बढत दिलाई। दूसरे हाफ में दाहिने घुटने के पास ठोकर लगने से मेस्सी को ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी थी। स्विटजरलैंड ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल किया लेकिन अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना ने 3-1 से जीत दर्ज की। मैच से पहले स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन से पूछा गया था कि मेस्सी को कैसे रोकेंगे, जो विश्व कप के कैरियर में अब तक 21 गोल कर चुके हैं और पिछले नौ मैचों में गोल किया है। इस पर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा,' यह काफी हैरान करने वाला सवाल है।



# 2018 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड, नहीं चला हालैंड का जादू

- अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से महामुकाबला
- इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया, बेलिंगहम ने दागे 2 गोल

**मियामी गार्डेस।** जूड बेलिंगहम के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को 2-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बेलिंगहम ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में विजयी गोल से पहले शुरुआती हाफ में बराबरी का गोल भी किया था। बेलिंगहम के अब हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं और वह आठ गोल करने वाले फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड (सात गोल) से ही पीछे हैं। इस विश्व कप के हर मैच में गोल करने वाले छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का जादू इस मैच में नहीं चल सका। उन्होंने अंतिम 16 के मुकाबले में सह मेजबान मैक्सिको के खिलाफ भी दो गोल किए थे। पिछले 60 साल में खिताब नहीं जीत सकी विश्व कप 1966 विजेता इंग्लैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा।

## क्वार्टर फाइनल में चमक नहीं बिखेर सके हालैंड



**मियामी।** इस विश्व कप के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक और 'वाइकिंग रो' (नॉर्वे का जश्न मनाने का अनूठा अंदाज) के सबसे बड़े स्टार एर्लिंग हालैंड इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल चमक नहीं बिखेर सके और नॉर्वे की टूर्नामेंट से निराशाजनक विदाई हुई। मैच में छह फुट पांच इंच लंबे स्ट्राइकर हालैंड कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। अतिरिक्त समय के अंतिम 15 मिनट में नॉर्वे बराबरी का गोल नहीं दाग सकी। इंग्लैंड ने उसे 2-1 से हराया और इस विश्व कप में पहली बार हालैंड के नाम कोई गोल नहीं चढ़ा। टूर्नामेंट में सात गोल कर चुके हालैंड को दूसरे अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा।

## नहीं रहे दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर एडम्स



**जोहानिसबर्ग।** विश्व कप खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडेन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटोन मैकेंजी ने उनके निधन की पुष्टि की। मैकेंजी ने एक्स पर लिखा,' बहुत दुख और भारी मन से यह बता रहा हूं कि मुझे जेडन एडम्स के निधन के बारे में पता चला है, जो टीम के मिडफील्डर थे। वह 25 वर्ष के थे।' उन्होंने लिखा,' दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। उनके परिवार, टीम और लाखों प्रशंसकों के साथ पूरा देश शोक में है।'

# विश्व नंबर-1 सिनर का दबदबा कायम लगातार दूसरी बार बने विंबलडन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पेरिस की निराशा के बाद वह विंबलडन में दमदार वापसी करना बखूबी जानते हैं।

इटली के स्टार खिलाड़ी ने रविवार को पुरुष एकल फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7 , 7-6), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबले का निर्णायक मोड़ तीसरे सेट में आया, जब ज्वेरेव एक महत्वपूर्ण अंक के दौरान घास पर फिसल गए। इसके बाद वह घुटने की परेशानी से जूझते नजर आए, जिसका असर उनके खेल पर भी पड़ा।



## ज्वेरेव के खिलाफ सिनर की लगातार 10वीं जीत

सिनर ने अपने करियर का पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब ऐसे समय जीता है, जब उन्होंने फ्रेंच ओपन में दूसरे दौर में मिली अप्रत्याशित हार की निराशा को पीछे छोड़ते हुए शानदार वापसी की। पिछले वर्ष भी सिनर ने फ्रेंच ओपन में कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ फाइनल में तीन मैच प्वाइंट गंवाने के बाद विम्बलडन में जोरदार वापसी की थी और ऑल इंग्लैंड क्लब के फाइनल में अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था। यह ज्वेरेव के खिलाफ सिनर की लगातार 10वीं जीत भी रही।

## गुओ हान्यू और क्रिस्टीना म्लादेनोविक ने जीता महिला युगल का खिताब



चीन की गुओ हान्यू और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविक की जोड़ी ने विंबलडन महिला युगल का खिताब जीत लिया। फाइनल में दसवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और ब्राजील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया। हान्यू और क्रिस्टीना का साथ खेलते हुए यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। फाइनल में गुओ और म्लादेनोविक ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने पहले सेट में तेज खेल दिखाते हुए 5-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे सेट में मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दूसरी वरीय जोड़ी ने कई मौकों पर बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन म्लादेनोविक के मजबूत फोरहैंड और दोनों खिलाड़ियों की शानदार तालमेल ने उन्हें बराबरी पर बनाए रखा। 5-5 की स्थिति पर गुओ हान्यू ने बेहतरीन क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड विनर लगाकर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके बाद म्लादेनोविक ने सर्विस गेम में संयम दिखाते हुए फोरहैंड विनर के साथ मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।




# टीम इंडिया में करारी हार के बाद दो बदलाव, प्रिंस और बिश्नोई को मौका

**बर्मिंघम।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है। प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे। ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है। बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में 'ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई। बयान के अनुसार, ''उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है।

# महिला टेस्ट : इंग्लैंड पर बड़ी जीत से 4 विकेट दूर टीम इंडिया

- इंग्लैंड के सामने 457 रन का मुश्किल लक्ष्य

**लंदन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया के शानदार शतक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने रविवार को तीसरे दिन परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए लाड्र्स पर पहले महिला टेस्ट में मेहमान टीम को इंग्लैंड पर बड़ी जीत के करीब पहुंचा दिया। यास्तिका (158 गेंद में 14 चौके से 158 रन) इस मशहूर मैदान पर पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं, जिससे भारत ने तीसरे दिन चाय के विश्राम से पहले दूसरी पारी 7 विकेट पर 341 रन पर घोषित कर इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 457 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। ते ज गेंदबाज क्रांति गौड़ के 'सीम मूवमेंट' का सामना करने में नाकाम रही घरेलू टीम की बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया और स्टंप के समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 130 रन था। टीम अब भी 327 रन से पीछे है जबकि भारत को बस चार विकेट की दरकार है।



## 'लॉर्ड्स' में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बनीं यास्तिका

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बन गई हैं। यास्तिका ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर जारी टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी के दौरान 113 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 158 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौके लगाए। यह लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जा रहा पहला महिला टेस्ट मैच है। यास्तिका टेस्ट की तीसरी या चौथी पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज भी बन गई हैं। वह इस मामले में पहली शतकवीर भी हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर संध्या अग्रवाल हैं, जिन्होंने साल 1985 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध लखनऊ के मैदान पर 98 रनों की पारी खेली थी।

# मेस्सी का जादू, एमबाप्पे की रफ्तार या केन की कप्तानी, अंतिम चार में किसे चुनेंगे?

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिए है। इसके लिए सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।



### अर्जेंटीना

**स्टार खिलाड़ी : मेस्सी**

अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3- से हराया।

**नारा** : ''वामोस, वामोस अर्जेंटीना ''।

**अर्जेंटीना को क्यों चुने** : शर्तिया अच्छा प्रदर्शन, दस नंबर की जर्सी वाले (मेस्सी) का जादुई खेल।



### फ्रांस

**स्टार खिलाड़ी : एमबाप्पे, माइकल ओलिसे**

2018 में चैंपियन 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।

**नारा** : 'एलेज लेस ब्लूज '।

**फ्रांस को क्यों चुने** : अगर आपको गगनचुंबी इमारतें, शैंपेन, फैशन, फ्रेंच ब्रेड पसंद है। फुटबॉल में जबर्दस्त आक्रमण पंक्ति।



### इंग्लैंड

**स्टार खिलाड़ी : हैरी केन, जूड बेलिंगहम**

इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है। इंग्लैंड ने फुटबॉल का अविष्कार किया लेकिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। 'वाइकिंग रो' स्टार एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को हराकर अंतिम चार में पहुंची इंग्लैंड।

**नारा** : 'इट्स कमिंग होम'।

**इंग्लैंड को क्यों चुने** : बरसों की नाकामी का दर्द। इसके अलावा ब्रिटिश रॉकबैंड ओएसिस, शेर, मछली और चिप्स के दीवाने हैं।



### स्पेन

**स्टार खिलाड़ी : लमाइन यमल, रोड्री**

स्पेन ने टूर्नामेंट में बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल तक एक भी गोल नहीं गंवाया। यमल जैसा विंगर टीम में है, जिसके कमाल के प्रदर्शन से टीम ने 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप जीती थी। सोमवार को यमल 19 साल का हो जाएगा।

**नारा** : 'लोलोलोलो' ।

**स्पेन को क्यों चुने** : गेंद पर कमाल का नियंत्रण, जबर्दस्त विंगर और अगर आप स्पेनिश व्यंजनों के दीवाने हैं।




# एक सेकंड में करीब 3.6 मीटर! चीते की रफ्तार से भागती है यह शिकारी मकड़ी



बर्लिन। दुनिया में एक ऐसी मकड़ी भी है जो चीते की तरह भागती है। ऑस्ट्रेलिया की जंगल हंट्समैन मकड़ी ने रफ्तार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। साइंटिस्ट्स ने इसे दुनिया की सबसे तेज भागने वाली मकड़ी घोषित किया है। एक नई लैब स्टडी में इस बात का बड़ा खुलासा हुआ है। यह मकड़ी एक सेकंड में करीब 3.6 मीटर की दूरी तय कर सकती है। इसकी यह स्पीड देखकर पूरी दुनिया के एक्सपर्ट्स हैरान हैं। इससे पहले मोरक्को की फ्लिक-फ्लैक मकड़ी को सबसे तेज माना जाता था। उसकी स्पीड करीब 1.7 मीटर प्रति सेकंड थी। अब ऑस्ट्रेलिया की इस मकड़ी ने पुराना रिकॉर्ड पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रीफ्सवाल्ड और इंपीरियल कॉलेज लंदन के रिसर्चर्स ने यह स्टडी की है। उन्होंने दुनिया भर की 160 से ज्यादा मकड़ियों की प्रजातियों पर टेस्ट किया। इस टेस्ट के बाद हंट्समैन मकड़ी को विजेता घोषित किया गया।

### कैसे किया गया मकड़ियों की स्पीड का यह अनोखा टेस्ट?

साइंटिस्ट्स ने इस बड़े रिसर्च के लिए खास इंतजाम किए थे। उन्होंने यूके, नॉर्थ अमेरिका और यूरोप से लाइव मकड़ियां मंगवाई थीं। कुछ मकड़ियों को पेट शॉप्स से भी खरीदा गया था। रिसर्चर्स ने कुल 236 मकड़ियों की स्पीड को मापा। इसके लिए ए4 और ए3 साइज के ग्रिड पेपर का इस्तेमाल किया गया। इन पेपर्स पर मकड़ियों को दौड़ाया गया। उनकी मूवमेंट को समझने के लिए हाई-टेक कैमरे लगाए गए थे। मकड़ियां दीवारों पर चढ़कर भाग न जाएं इसके लिए खास इंतजाम थे। ट्रे की दीवारों पर लिक्विड पैराफिन लगाया गया था। क्वींसलैंड से लाई गई हंट्समैन मकड़ी इस टेस्ट में सबसे आगे रही। उसने 3.59 मीटर प्रति सेकंड की हैरान करने वाली स्पीड हासिल की।



### क्या मकड़ी के वजन से तय होती है उसकी भागने की रफ्तार?

इस स्टडी में एक बहुत ही दिलचस्प बात सामने आई है। रिसर्चर्स के मुताबिक मकड़ी की स्पीड उसके वजन पर निर्भर करती है। आमतौर पर भारी वजन वाली मकड़ियां ज्यादा तेजी से दौड़ती हैं। जैसे सिर्फ 1 मिलीग्राम वजन वाली मनी स्पाइडर बहुत धीरे चलती है। उसकी स्पीड महज 0.018 मीटर प्रति सेकंड रिकॉर्ड की गई। इसके उलट भारी हंट्समैन मकड़ी सबसे तेज निकली। लेकिन, हर बार वजन ही सब कुछ नहीं होता है। एक जैसे वजन वाली मकड़ियों की स्पीड में भी भारी अंतर देखा गया। ऑरेंज पर्स-वेब और ट्यूब-वेब मकड़ी दोनों का वजन 200 मिलीग्राम था। फिर भी उनकी टॉप स्पीड में 28 गुना का बड़ा अंतर मिला।


### किस वजह से हंट्समैन मकड़ी बनती है इतनी ज्यादा फुर्तीली?

साइंटिस्ट्स ने मकड़ियों के शरीर की बनावट पर भी स्टडी की है। जिन मकड़ियों के पैर लंबे होते हैं. वे ज्यादा तेज दौड़ती हैं। हालांकि, पैरों का पतला होना स्पीड के लिए जरूरी नहीं है। मकड़ी कहां शिकार करती है, इससे भी उसकी स्पीड तय होती है। जमीन पर या पत्तियों के बीच शिकार करने वाली मकड़ियों की स्पीड अलग होती है। सीधे चलने वाली और उल्टी लटकने वाली मकड़ियों की रफ्तार में भी फर्क होता है। इस रिसर्च में एक बेहद छोटी ऑरेंज गॉब्लिन मकड़ी भी मिली। इसका वजन केवल 0.1 मिलीग्राम था, लेकिन इसकी स्पीड 0.2 मीटर प्रति सेकंड थी। रिसर्चर श्रेयस कुचिभोटला ने कहा, 'यह मकड़ी इतनी तेज थी कि पलक झपकते ही गायब हो जाती थी।'



# एआई ने किया कमाल

## भूकंप आने से हफ्तों पहले मिल जाएगा अलर्ट, वैज्ञानिकों ने खोजा तरीका!






एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूकंप एक ऐसी आपदा है जो बिना बताए अचानक आती है और सब कुछ तबाह कर देती है। वैज्ञानिक सालों से प्रयास कर रहे थे कि कास इसका पता थोड़ा पहले चल जाए, जिससे लोगों की जान बचाई जा सके। अब वैज्ञानिकों को इसी राह में बड़ी कामयाबी मिली है। एआई की सहायता से एक ऐसा तरीका खोजा है, जो बड़ा भूकंप आने से कई हफ्ते पहले ही जमीन के अंदर होने वाली हलचलों को पकड़ लेगा और अलर्ट दे देगा।वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे भयानक तबाही से बचा जा सकता है। जीएफजेड हेल्महोलत्ज सेंटर फॉर जियोसाइंसेस के रिसर्चर्स ने एक ऐसा नया एआई मॉडल तैयार किया है, जो बड़ा भूकंप आने से हफ्तों या महीनों पहले ही जमीन के नीचे होने वाली हलचलों में छिपे चेतावनी के संकेतों को पकड़ सकता है। यह स्टडी मशहूर साइंस जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में पब्लिश हुई है।

### कैसे काम करता है यह नया एआई सिस्टम?

आमतौर पर बड़े भूकंप आने से पहले हजारों छोटे-छोटे झटके आते हैं, जिन्हें सामान्य मानकर इग्नोर कर दिया जाता है। इंसानी आंखों या पुराने तौर-तरीकों से इन लाखों आंकड़ों में कोई खास पैटर्न खोजना नामुमकिन जैसा था। रिसर्चर्स ने इस काम के लिए अनसुपरवाइज्ड मशीन लर्निंग का प्रयोग किया। इस तकनीक की खासियत यह है कि कंप्यूटर को पहले से कोई फिक्स पैटर्न नहीं सिखाया जाता, बल्कि एआई खुद ही डेटा को खंगालकर उसमें छिपे हुए अजीब या नए पैटर्न्स का पता लगाता है। वैज्ञानिकों ने भूकंपों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में देखने के बजाय उन्हें आपस में जुड़े परिवारों में बांटा है।

### खतरनाक तैयारी को पहचान लिया

वैज्ञानिकों ने इस नए एआई मॉडल को दुनिया के कुछ सबसे बड़े और ऐतिहासिक भूकंपों के डेटा पर टेस्ट किया।
तुर्की- 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप।
चिली- 8.1 तीव्रता का भूकंप।
इटली- एल'अक्विला भूकंप।
इन सभी मामलों में, इस एआई सिस्टम ने मुख्य भूकंप आने से कई हफ्ते पहले ही जमीन के नीचे चल रही खतरनाक तैयारी को पहचान लिया।




## रोचक खबरें

### भारत में है दुनिया का सबसे अमीर गांव, जहां घर-घर में एनआरआई

नई दिल्ली। जब भी किसी गांव की बात होती है, तो ज्यादातर लोगों के मन में कच्ची सड़कें, खेती-किसानी और सीमित सुविधाओं वाली जिंदगी की तस्वीर आ जाती है। लेकिन, आज हम आपकी गलतफहमी को दूर करने जा रहे है। दरअसल, भारत में एक ऐसा गांव भी है, जिसने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। यहां के लोगों के पास न सिर्फ शानदार पक्के घर हैं, बल्कि बैंक खातों में भी करोड़ों रुपए जमा हैं। यही वजह है कि इस गांव को दुनिया का सबसे अमीर गांव भी कहा जाता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं गुजरात के कच्छ जिले में स्थित माधापर गांव की। रेगिस्तान के करीब बसे इस गांव की अमीरी की चर्चा सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में होती है। माधापर गांव की सबसे बड़ी खासियत यहां की आर्थिक मजबूती है। गांव में करीब 19 बैंक हैं, जो किसी छोटे शहर में भी कम ही देखने को मिलते हैं। इस गांव में 7,600 से अधिक पक्के मकान हैं। यहां रहने वाले लोगों के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में धन जमा है। अलग-अलग रिपोर्टों के अनुसार, गांव के लोगों की बैंकों में 8000 करोड़ से ज्यादा रुपए जमा है। यही नहीं, यहां रहने वाले कई परिवार आर्थिक रूप से इतने मजबूत हैं कि उनके बैंक खातों में औसतन लाखों रुपए जमा हैं। सिर्फ बैंक ही नहीं, बल्कि गांव में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क, झील, मंदिर और गौशाला जैसी सभी जरूरी सुविधाएं भी मौजूद हैं। यानी सुविधाओं के मामले में यह गांव कई शहरों को भी टक्कर देता है।



### इस शख्स के पास हैं 16 पासपोर्ट, 6 साल 6 महीने 22 दिन में घूम ली पूरी दुनिया

**नई दिल्ली।** पासपोर्ट आमतौर पर लोग सालों तक संभालकर रखते हैं। कई लोगों के पासपोर्ट में गिने-चुने वीजा और कुछ मुहरें ही होती हैं। लेकिन, एक शख्स ऐसा भी है, जिसकी घूमने की चाहत ने पासपोर्ट के पन्नों की गिनती ही खत्म कर दी. सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो खूब देखा जा रहा है, जिसमें वो अपनी पुरानी पासपोर्ट बुक्स दिखा रहा है। हैरानी की बात ये है कि उसकी एक-दो नहीं, बल्कि 16 पासपोर्ट बुक वीजा और इमिग्रेशन स्टैम्प से भर चुकी हैं। बताया जाता है कि उसने सिर्फ 6 साल 6 महीने 22 दिन में पूरी दुनिया की यात्रा पूरी कर ली. अब लोग उसकी कहानी सुनकर चौंक रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आने वाले बेनी प्रसाद एक म्यूजिशियन और ट्रैवलर हैं। उन्होंने दुनिया के कई देशों का दौरा किया। सफर इतना ज्यादा रहा कि पासपोर्ट के पन्ने जल्दी-जल्दी भरते गए। जब एक पासपोर्ट में जगह खत्म हो जाती थी तो नया बनवाना पड़ता था। इसी तरह समय के साथ उनकी 16 पासपोर्ट बुक इस्तेमाल हो गईं। बेनी के मुताबिक कई देशों में जाने से पहले वीजा लेना जरूरी होता है। हर बार नया वीजा पासपोर्ट में जुड़ता गया।



# यहां दूर-दूर से मार खाने आती हैं लड़कियां, बॉडी पर पड़ जाते हैं निशान, शौक से तुड़वाती हैं हड्डियां!

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन की युवा पीढ़ी फिटनेस और सेल्फ डिफेंस को लेकर बेहद जुनूनी है। लेकिन, कुछ लड़कियां सामान्य जिम या योग की बजाय बेहद कठिन और दर्द भरे ट्रेनिंग को चुन रही हैं। चीन में 'पेन जोन' नाम का एक स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है, जहां लड़कियां शौक से मार खाने आती हैं।

यह एक खास कुंग फू ट्रेनिंग सेंटर है, जहां एडमिशन लेने के लिए पहले उम्मीदवार को शारीरिक परीक्षा से गुजरना पड़ता है। शिफू (मास्टर) और उनके सहयोगी लाठी-डंडों, घूसों और लातों से लड़कियों को बुरी तरह पीटते हैं। कई लड़कियों की बॉडी नीली पड़ जाती है, कुछ की हड्डियां तक चोटिल हो जाती हैं। फिर भी ये लड़कियां दर्द सहकर ट्रेनिंग जारी रखती हैं। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य लड़कियों को सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी इतना मजबूत बनाना है कि कोई भी मुश्किल उन्हें तोड़ ना सके। कुंग फू की पारंपरिक ट्रेनिंग में दर्द सहना बहुत जरूरी माना जाता है। जो लड़कियां इस पेन जोन को पूरा कर लेती हैं, उन्हें आगे प्रोफेशनल कुंग फू, सेल्फ डिफेंस और कॉम्पिटिशन लेवल की ट्रेनिंग दी जाती है। यह सेंटर सिर्फ लोकल लड़कियों तक सीमित नहीं है। चीन के अलग-अलग शहरों और यहां तक कि दूसरे देशों से भी लड़कियां यहां ट्रेनिंग लेने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर कई लड़कियां प्रेरित हो रही हैं। चीन में कुंग फू सिर्फ मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवनशैली है। युवा पीढ़ी खासकर लड़कियां सेल्फ डिफेंस, फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कुंग फू सीख रही हैं। पेन जोन जैसे सेंटर इस ट्रेंड को और बढ़ावा दे रहे हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com